


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 18 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-141 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बस और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में 10 की मौत

**लखनऊ,18 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में बस और मैक्स (पिकअप) गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई. जिससे 10 लोगों की मौत हो गई और 37 घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भेज दिया है. जहां पर उनका इलाज जारी है. वहीं, मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना के बाद संबंध में जानकारी देते हुए बुलंदशहर डीएम सीपी सिंह ने बताया कि कुल 10 लोगों की मौत हुई है. जबकि 37 लोग घायल हुए हैं. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एक्सीडेंट बस और मैक्स गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर से हुआ है. एक्सीडेंट की जानकारी जैसे ही मृतकों के परिजनों और स्थानीय लोगों को हुई तो वो भी मौके पहुंच पर गए. इस दौरान गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया. हालांकि, पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाकर मामले को शांत करवाया और जाम खुलवाया. एक्सीडेंट का एक वीडियो भी सामने आया है. जिसमें देखा जा सकता है कि एक्सीडेंट से मैक्स बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई है. वहीं, मौके पर भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हुई है. पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है.

### दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत

**कोलकाता,18 अगस्त।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गौर रेलवे स्टेशन के निकट एक वाहन (एसयूवी) के ट्रक से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार आधी रात को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उस समय हुई जब वाहन जिले के कालियाचक से मालदा शहर आ रहा था। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारियों और पुलिस ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से शवों को निकाला तथा दो अन्य घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि ये सभी लोग मालदा जिले के कालियाचक ब्लॉक के अलीपुर से थे।

### रायपुर के 3700 सफाई कर्मचारियों को नाश्ते में मिलेगा पौष्टिक आहार

**रायपुर,18अगस्त।** रायपुर नगर निगम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले सफाई कर्मचारियों को अब सुबह नाश्ते में पौष्टिक आहार दिए जाने की तैयारी है. महापौर एजाज ढ़ेबर के मुताबिक उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर दिन अलग-अलग पौष्टिक आहार दिए जाने की योजना है. इसमें रागी पोहा,




स्प्राउट्स, दलिया, उपमा समेत अन्य दिया जा सकता है. इसके पीछे के उद्देश्य के बारे में महापौर ने बताया कि थोड़ी देर सफाई करने के बाद ये शिकायतें मिलती है कि नाश्ता करने के बहाने सफाई कर्मचारी होटल चले जाते है और वहां से थोड़ी देर बाद इधर-उधर गायब हो जाते है. रोजाना होटल के नाश्ते से उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है और काम भी प्रभावित होता है. यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों को अब पौष्टिक आहार दिए जाने की योजना है. राजधानी रायपुर में 3700 सफाई कर्मचारी है, जो पूरी राजधानी की सफाई का जिम्मा संभालते है. अब इन सफाई कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने की भी तैयारी है. इसके अलावा इनका रैगूलर हेल्थ चेकअप कराने की भी बात महापौर ने कही है.



## विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशवासियों के लिए की खुशहाली की कामना

**रायपुर,18 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशाल कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने मारुती मंगल भवन गुढ़ियारी पहुंचे. इस कार्यक्रम में सीएम साय के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और विधायक राजेश मूणत भी उपस्थित रहे. इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की और प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना की. सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सावन का पवित्र महीना चल रहा है. जगह-जगह कांवड़िए भगवान शिव जी को जल चढ़ाने जा रहे हैं. आज मारुति मंगलम में आयोजित कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होकर महादेव से समस्त प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की. मुख्यमंत्री ने सभी को कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं भी दी है.

## कोलकाता रेप विक्टिम की पहचान उजागर पूर्व भाजपा सांसद और दो डॉक्टरों को समन

**कोलकाता,18 अगस्त।** कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुए रेप विक्टिम की पहचान उजागर करने पर बड़ा ऐक्शन लिया है। महिला चिकित्सक की पहचान उजागर करने और अफवाह फैलाने के आरोप में भाजपा की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और दो प्रसिद्ध चिकित्सकों को समन जारी किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तीन लोगों के अलावा पुलिस ने घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने के आरोप में 57 अन्य लोगों को भी समन जारी किया है। उन्होंने बताया कि डॉ. कुणाल सरकार और डॉ. सुवर्ण गोस्वामी को समन जारी कर रविवार को दोपहर तीन बजे लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि इन लोगों पर पीड़िता की पहचान उजागर करने, अफवाह फैलाने और फर्जी खबरें फैलाने का आरोप है। जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरकार ने कहा कि उन्हें पुलिस की ओर से समन मिला है, जिसमें उन्हें लालबाजार में अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझे क्यों बुलाया है, लेकिन ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया पर मेरी कुछ टिप्पणियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ खास प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं... शायद इसी वजह से ऐसा किया गया है।' पूर्व बर्धमान जिले के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोस्वामी ने कहा कि उन्हें अभी तक समन नहीं मिला है। उन्होंने कहा, 'मुझे अभी तक कुछ नहीं मिला है। मुझे नहीं पता कि कोलकाता पुलिस मुझे समन क्यों जारी करेगी, जबकि वह इस मामले की जांच नहीं कर रही है। मैं कहता रहा हूं कि मैं हर संभव तरीके से जांच में सहयोग करूंगा। मैंने पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की और न ही कोई अफवाह फैलाई।' हुगली निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व भाजपा सांसद चटर्जी ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई समन नहीं मिला है। उन्होंने कहा, 'अगर वे मामले की जांच करते समय भी यही तत्परता दिखाते तो बेहतर होता।

## देवेंद्र छोटा-मोटा आदमी नहीं है:मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,18 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर प्रदेश में सियासत गरमा गई है. इस घटना को लेकर विपक्ष ने सरकार पर तीखे हमले शुरू कर दिए हैं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस गिरफ्तारी को कांग्रेस नेताओं को फंसाने की साजिश करार दिया है. जिसपर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार किया है. सीएम साय ने कहा कि कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं है. पुलिस ने सोच समझकर कार्रवाई की है. विधायक देवेंद्र यादव छोटा-मोटा आदमी नहीं है.

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आरोप**-देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं को फंसाने की साजिश हो रही है. पुलिस को राजनीतिक दबाव में आकर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए. भाजपा से जुड़े एक भी नेता से पूछताछ नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक सनम जांगड़े से पूछताछ क्यों नहीं हुई है. बघेल ने कहा ?कि विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है. इस मामले में विधिक सलाह लेंगे और राजनीतिक कदम भी उठाएंगे.

### विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन 21 को

**रायपुर।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस 21 अगस्त को प्रदेश के तमाम जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी. इस बात का एलान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया. नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस गलत कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगी. कांग्रेस नेताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है. देवेंद्र यादव पर 20 धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है. भाजपा के नेता भी आंदोलन में शामिल हुए थे, लेकिन भाजपा नेताओं से पूछताछ क्यों नहीं हुई.

## देवेंद्र यादव को देर रात सेंट्रल जेल में किया गया दाखिल

**रायपुर,18 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**



भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को देर रात रायपुर सेंट्रल जेल में दाखिल कराया गया. इस दौरान केंद्रीय जेल परिसर के बाहर देवेंद्र यादव के समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके चलते पुलिस को बड़ी संख्या में बल तैनात करना पड़ा. देवेंद्र यादव के जेल में दाखिल होने से पहले समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की तो वहीं विधायक ने फिर से संविधान की किताब दिखाई. बता दें कि शनिवार को बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने देर रात देवेंद्र यादव को 3 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है. शनिवार सुबह करीब 10 बजे से ही बलौदाबाजार पुलिस कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित निवास पर उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची थी. विधायक के गिरफ्तारी का विरोध करने बड़ी संख्या में समर्थक एकजुट हुए और जमकर नारेबाजी की. इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया. वहीं गिरफ्तारी से पहले विधायक देवेंद्र यादव ने कार के ऊपर चढ़कर सीना ठोका और सतनाम का झंडा लहराया. इसके साथ ही देवेंद्र यादव ने संविधान की किताब लहराते हुए अपने समर्थकों का आभार जताया. साथ ही कहा कि हम लड़ेंगे और जीतेंगे.दरअसल, सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान 10 जून को बलौदाबाजार जिले के कलक्ट्रेट परिसर में आगजनी की घटना हुई थी. प्रदर्शनकारियों ने 150 से अधिक दो पहिया और 10 चार पहिया वाहनों को आग के हवाले किया था. कलेक्टर और एसपी कार्यालय में कई दस्तावेज जलकर खाक हुए थे. विधायक देवेंद्र यादव पर इस हिंसा को भड़काने का आरोप है.

## आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत

**जशपुर,19अगस्त।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ है. दो अलग-अलग गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई है. घटना से गांव में मातम पसर गया है. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार, पहली घटना सन्ना थाना क्षेत्र के एकम्बा गांव की है. यहां खेत में रोपा लगाने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मोहर साय और उनकी पत्नी परबी बाई चपेट में आ गई. घटना में पति की मौके पर हुई मौत. वहीं घायल पत्नी को इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान महिला ने भी दम तोड़ दिया. दूसरी घटना एकम्बा गांव के बगल में स्थित छिछली गांव की है. जहां खेत में काम कर रहे 45 वर्षीय युवक जगसाय की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई है.

## नाले में मिली युवक की लाश

**आरंग,18 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र में एक युवक की नाले में लाश मिली है. युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. आशंका है कि युवक शराब के नशे में था और नाले में गिरने से उसकी मौत हो गई. यह मामला आरंग थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, आरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहमेला गांव के एक नाले में युवक की लाश मिली है. युवक की पहचान मोहमेला निवासी रोहित कुर्रे (उम्र 26 वर्ष) के रूप में हुई है. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है.आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम मोहमेला



निवासी रोहित कुर्रे रात करीब 08.30 बजे किसानों के खेतों में पहुंचाने के लिए बनाए गए नाले के ऊपर बैठा था. इसी दौरान वह नीचे पानी में गिर गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था पुलिस ने आशंका जताई है कि शराब के नशे में होने के कारण रोहित कुर्रे नाले से नीचे गिरा है. हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है.

## प्रयास आवासीय विद्यालय पहुंचे सोनमणि बोरा

**रायगढ़,18 अगस्त।** रायगढ़ में शुरू होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय का प्रमुख सचिव, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग सोनमणि बोरा ने दौरा कर जायजा लिया है. लाइवलीहुड कॉलेज में शुरू तैयारी भी की गई है. प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि प्रयास विद्यालय में बच्चों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए. यह पहला बैच है, अतः इनका विशेष रूप से ख्याल रखा जाए. अच्छे शैक्षणिक माहौल के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर



होने जा रहे प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर शाला संचालन की तैयारियों के बारे में जानकारी प्रमुख सचिव ने ली. इसके अलावा रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली. दौरे में पहुंचे प्रमुख सचिव को प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा ने बताया कि रायगढ़ के लाइवलीहुड कॉलेज में स्कूल शुरू करने की तैयारी की गई है. यहां क्लासेज और हॉस्टल शुरू करने की व्यवस्था की गई है. शिक्षकों और हॉस्टल वार्डन की नियुक्ति की जा चुकी है. बच्चों के रहने के लिए पलंग, गद्दे इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है. हॉस्टल कैम्पस को अंतिम रूप दिया जा रहा है. यहां खिड़कियों में मच्छर जाली लगाने के साथ रंगाई-पोताई का काम किया गया है. साथ ही भवन में मेस संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी पूरा ध्यान दिया जाए. प्रयास विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अहम हिस्सा है. इसके लिए टीचिंग स्टॉफ की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए. उन्होंने परिसर में छात्रों के लिए खेल-कूद की गतिविधियां भी विकसित करने की बात कही. साथ ही खाली पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण व गार्डनिंग कर वहां बेंच लगाने के निर्देश दिए, जिससे छात्रों को एक अच्छा माहौल मिले. इसके साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए स्थल चयन कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त कैम्पस निर्माण की दिशा में काम करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रयास विद्यालय का परिसर एजुकेशन सिटी की तर्ज पर हो. स्मार्ट क्लास रूम, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री, खेल गतिविधियों जैसी तमाम सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने परिसर में आम का पौधा भी लगाया.

## बेटा करता था गंदा काम, माता-पिता ने दी मौत की सजा

**कांकेर,18 अगस्त**

माता-पिता ने अपने बेटे की गंदी करतूतों से परेशान होकर उसे मौत की सजा दी, हालांकि अब दोनो जेल की सलाखों के पीछे है. पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला पखांजूर का है. जिले के गोंडाहुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले को पुलिस ने दो दिनों में ही सुलझा लिया.

हत्यारा कोई और नही बल्कि युवक के माता पिता ही निकले. जो अपने पुत्र के गंदी करतूतों से तंग आकर ऐसा कदम उठाने को मजबूर हो गए. गोंडाहुर थाना के अपराध क्रमांक 14/2024 धारा 103(1), 3 (5), 238 बीएनएस, 25.27 आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया था. पुलिस के मुताबिक संदेह के आधार पर पिता के विवेचना करते हुए पुलिस आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी. तभी पूछताछ में पता चला कि मृतक अभय शील के पिता पलाश शील और मां रंजिता शील ने ही एक राय होकर अपने बेटे की हत्या की थी. आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने से उनकी गिरफ्तारी की गई. अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपी माता-पिता ने बताया कि उनके बेटे अभय को नशे की लत थी वो गांजा, सुलेशन, बॉन्फिक्स आदि का नशा कर घूमते रहता था, उसे चोरी करने की भी आदत थी, कई बार मोबाइल और बाइक चोरी का घर में ले आता था जिससे समाज में उनकी बदनामी होती थी. उसे समझाने पर वो माता पिता से गाली गलौच और मारपीट पर उतारू हो जाता था, दो बार उसने पिता पर हाथ भी उठाया था. उसे सुधारने के लिए उसके ने नागपुर के एक कंपनी में 2 सप्ताह पूर्व अभय को नौकरी करने भेजा वहां भी वो नहीं टिका और अपने पिता से पैसा मांग कर वापस पीव्ही 20 अपने गांव आ गया और फिर से नशा करना शुरू कर दिया. 14 अगस्त को रात में अभय नशा करके घर में माता पिता से विवाद करने लगा जिससे दोनो परेशान हो गये और दोनो एक राय होकर अभय की हत्या कर दी. हत्या में प्रयुक्त टांगिया, खंडा, पहने हुए कपड़े, चप्पल, मृतक का मोबाइल वा उसका नशीला पदार्थ, कड़ा और मृतक का जलाया हुआ हड्डी का अवशेष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर जप्त किया गया है.

### छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार

**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से बारिश की गतिविधि कुछ कम हो गई थी। लेकिन अब एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2 दिनों के अंदर प्रदेश में फिर मानसून एक्टिवेट हो रहा है। इसके चलते प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक बारिश की एक्टिविटी जारी रहेगी। जिससे मध्यम से लेकर तेज बारिश हो सकती है। रायपुर स्थित मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिम हिस्से में निम्न दाब का एरिया बना हुआ है।

**दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ में सबसे पहले 2036 के ओलंपिक खेल होने की संभावना बताई गई थी** jasclaudius@gmail.com

## 24 सितम्बर 2022 की भविष्यवाणी सच होने के करीब

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1896 से आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल यूनान के शहर एथेंस में शुरू हुआ। बहुखेल प्रतियोगिता का यह आयोजन तब से निरंतर हो रहा है लेकिन चार वर्ष के अंतराल में आयोजित होने वाली यह चैंपियनशिप प्रथम विश्व युद्ध के कारण 1916, द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1940 फिर 1944 में सम्पन्न नहीं हो सकी। इसमें आज की स्थिति में मान्यता प्राप्त सदस्य देशों/संगठन आदि की संख्या 209 है। इसमें पृथ्वी के सभी भू-भाग याने महाद्वीपों के देश आते हैं। 1896 से आरंभ इन खेलों का आयोजन अब तक पांचों महाद्वीपों में हो चुका है। 1896 में एथेंस, यूनान, यूरोप, 1904 में सेंट लुईस, संयुक्त राज्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, 1956 में मेलबोर्न आस्ट्रेलिया, ओसिआनिया, 1964 टोक्यो, जापान, एशिया 2016 में रियो द जेनेरियो, ब्राजील, दक्षिण अमेरिका तथा 1968 में मेक्सिको सिटी, मेक्सिको, उत्तर मध्य महाद्वीप और केरेबियाई समूह में से खेल अर्थात समस्त महाद्वीपों में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल आयोजित किए जा चुके हैं। अब 2028 में लास एंजिल्स, यूएस, उत्तरी अमेरिका, 2032 में ब्रिसब्रेन आस्ट्रेलिया, ओसिआनिया में ओलंपिक खेलों के 35वें संस्करण का आयोजन होगा। इस चैंपियनशिप की प्रतिष्ठा व गौरव को ध्यान में रखते हुए भारत में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों को आयोजित किए जाने की चर्चा एक लंबे समय से हो रही थी परंतु इसके लिए भारत की स्वतंत्रता 1947 के पश्चात कोई अधिकारिक प्रयास नहीं किए गए। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि 2014 में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के सत्तारूढ़ होते ही खेलकूद की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया और खेलकूद, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, सहायकों को अधिक सुविधा, प्रोत्साहन दिया जाने लगा। इसके लिए केंद्रीय खेल बजट जो कि 2013-14 में 792.72 करोड़ करोड़ थी उसे 10 वर्षों बाद 2024-25 के लिए 2236.97 करोड़ अर्थात् लगभग 182 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। भारत सरकार द्वारा जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को चुनकर उन्हें प्रशिक्षित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अभिनव योजना 'खेलो इंडिया' को शुरूवात 2016-17 में की गई। इसके अलावा टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना, भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित खेल अकादमी का संचालन, एक्सीलेंस स्पोर्ट्स सेंटर आदि की शुरुवात की गई। इन सबके पीछे वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को विश्व खेल मंच पर स्थापित करना रहा है। इसके लिए उनकी महत्वाकांक्षी योजना भारत में यूथ ओलंपिक, एशियाई खेलों व आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन करने का रहा है। इस दिशा में उन्होंने जब 36वें राष्ट्रीय खेलों को गोवा की जगह 2022 में गुजरात में कराने का निर्णय लिया तो भारत के खेल व राजनीति जगत में भूचाल आ गया। लेकिन इसके पीछे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गोपनीय संकल्प को भारतवासी समझ नहीं पाये। भारत में 2036 में ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए उपयुक्त परिस्थिति, प्रौद्योगिकी, वातवरण, खेल संसाधन आदि की उपलब्धता के बारे में पूरी रिपोर्ट गुजरात में सम्पन्न 2022 के राष्ट्रीय खेलों के दौरान हुए विभिन्न खेलों के मैच के वीडियो, फोटोग्राफ जिसमें खिलाड़ियों, अतिथियों के खान-पान, रहने, परिवहन की व्यवस्था की जानकारी है उसे 2020 में मुम्बई में हुए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की पूर्णकालिक बैठक में प्रस्तुत करके 2036 के ओलंपिक को भारत में किए जाने हेतु आवेदन कर दिया गया है। अब भारत के साथ 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन की दौड़ में इंडोनेशिया, कतर, सउदी अरब, पोलैंड शामिल है। हमें उम्मीद है भारत को इसमें कामयाबी मिलेगी क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ में श्रीमती नीता अंबानी को दुबारा सदस्य चुन लिया गया है।

## दस माह बाद शुरू हुई उड़ान, पहले दिन ही फुल

**रायपुर, 18 अगस्त।** प्रयागराज से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का एक बार फिर से सीधा हवाई संपर्क हो गया है। पहले दिन ही यह उड़ान रायपुर से फुल आई। विमान अपने निर्धारित समय से 17 मिनट पहले ही प्रयागराज पहुंच गया। तकरीबन दस माह के बाद विमान का संचालन 16 अगस्त से एक बार फिर से शुरू हो गया। विमान को दोपहर 1:25 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पर लैंड होना था लेकिन पहले दिन यह दोपहर 1:08 बजे ही पहुंच गया। इसी तरह रायपुर जाने के लिए भी विमान दोपहर 1:50 की जगह 1:43 बजे यहां से उड़ा। पहले दिन 76 यात्रियों का आगमन और 62 का यहां प्रस्थान हुआ।पिछले वर्ष विंटर शेड्यूल लागू होने के साथ ही प्रयागराज-रायपुर उड़ान इंडिगो द्वारा बंद कर दी गई। 29 अक्तूबर 2023 से विमान सेवा बंद होने के बाद रायपुर जाने वाले यात्रियों को दिक्कत हो रही थी। यात्री सलाहकार समिति की बैठक में भी यह मामला उठाया गया। इसे देखते हुए इंडिगो ने रायपुर उड़ान शुरू करने का एलान पिछले दिनों ही किया था।

# छात्रावास प्रवेश उत्सव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया बच्चों का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 18 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर में आज विशेष पिछड़ी जनजातिय बालक एवं बालिका छात्रावास में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं और नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित भी किया और छात्रावास में सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस छात्रावास में 250 छात्र एवं 250 छात्राओं के लिए शिक्षा सुविधाएँ उपलब्ध हैं। विदित हो कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा 14 करोड़ की लागत से जनजाति समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए इस छात्रावास का निर्माण किया था जो छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े जनजाति समाज के बच्चों के लिए बने सबसे बड़े छात्रावास में से एक है, जिसमें आज बच्चों ने प्रवेश किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि आज केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की कुशल नीतियों और जनहितैषी योजनाओं से हमारे प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। आज इस छात्रावास के माध्यम से समुदाय से आने वाले 500 छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा और सुविधा दोनों मिल रही है। यहां से बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आयेंगे और अपने समाज व क्षेत्र के साथ ही हमारा व हमारे प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस छात्रावास में पढ़ने वाले सभी बच्चों को मैं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूँ और हर संभव सहायता करने का आश्वासन देती हूँ। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए आपको परिश्रम हमेशा करना होगा और परिश्रम करने से आपको सफलता जरुर मिलेगी। अगर कभी असफल नहीं होते हैं तो निराश न हों और उसका अवलोकन कर अपनी कमी को समझें और फिर उसे दूर करने के लिए दुगनी मेहनत करिए तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि उससे भी बढ़कर एक आदर्श समाज की नींव है। किसी भी कार्य को अच्छी तरह कर पाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान होता है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया समुदाय के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्रावास के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुरुम खदान में लाश मिलने से सनसनी

**भिलाई 18 अगस्त।** नंदिनी थाना अंतर्गत शनिवार को एक अज्ञात युवक की मुरुम खदान में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि शनिवार की दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि मुरुम खदान में एक अज्ञात युवक की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर पुलिस स्टाउ मौके पर पहुंची शव की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं होने से शव को मरच्युरी में रखवा दिया है मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### भारत बंद के परिप्रेक्ष्य में 20 को अजा-अजजा वर्गों की बैठक

**पाटन 18 अगस्त।** सर्वोच्च न्यायालय के अजा-अजजा वर्गों के आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के फैसले पर देशभर में व्यापक विरोध का माहौल व्याप्त है। इस परिप्रेक्ष्य में देश भर के अजा- अजजा वर्गों के हितैषी तमाम संगठनों ने आगामी 21 अगस्त को भारत बंद कर शांतिपूर्ण ढंग से अपने विचारों से सरकार को अवगत कराकर उक्त आदेश के खिलाफ संसद में संशोधन प्रस्ताव पारित करने का आयोजन प्रस्तावित है। इस संदर्भ में आवश्यक बैठक मंगलवार 20 अगस्त को दोपहर 2 बजे से पाटन में जनपद पंचायत के सामने आहूत किया गया है। जिसमें अजा-अजजा वर्गों के समस्त जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, राजनीतिक पदाधिकारी व समाजसेवी शामिल होकर भारत बंद के परिप्रेक्ष्य में पाटन में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन पर आवश्यक पहल करेंगे।

### कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या एवं बांग्लादेश दंगों के विरोध में रंग आंदोलन



**भिलाई, 18 अगस्त।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए अनाचार एवं हत्या और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुए दंगों के विरोध में रंग आंदोलन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने पेन्टिंग बनाई। कला साहित्य मित्र समूह और ललित कला अकादमी स्थानीय इकाई के बैनर तले हुडको के कालीबाड़ी परिसर में अंचल के अनेक कलाकार एकत्रित हुए और 100 फीट लंबे कैनवास पर अपनी भावनाओं का चित्रण किया। अंकुश ने महिला के बिंदी से बहते रक्त की धारा का निर्माण करके गूढ़ संदेश दिया है कि सभ्यता के सोपान पर उठते इंसान की हद कितने नीचे गिर सकती है। उन्होंने अपने तूलिका से आधुनिक सभ्यता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया है कि क्या यही मानवीय विकास है। दुनिया भर में बढ़ती हिंसा और महिलाओं के साथ हो रहे बर्बरता दर्शाते हैं कि यह मानवीय सभ्यता का विकास नहीं वरन विनाश है। और इस दिशा में पूरे दुनियाभर के बुद्धिजीवियों और शासन समूहों को कठोर निर्णय लेने चाहिए।

### जय महावीर व्यायाम क्लब ने किया जिला स्तरीय भारोतोलन चयन प्रतियोगिता का आयोजन




**पाटन 18 अगस्त।** ग्राम झीट में दुर्ग जिला स्तरीय भारोत्तोलन चयन प्रतियोगिता का आयोजन जय महावीर व्यायाम क्लब झीट के तत्वधान में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर सीनियर बालक बालिका खिलाड़ियों को मौका ने भाग लिया। जिन्होंने अपना प्रदर्शन बहुत बढ़िया करके अपना स्थान चयन सूची में शामिल करवाया। भारोत्तोलन चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए दुर्ग लोक सभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल के मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, राम बाई सिन्हा, जनपद अध्यक्ष, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर के आतिथ्य मे संपन्न हुआ। इसी क्रम मे विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र सहित विनर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच शशी कला सिन्हा, युवा मोर्चा महामंत्री राजू साहू,रवि सिंगौर,महिला मोर्चा अध्यक्ष गायत्री साहू, पोषण वर्मा, लवकुश चंद्राकर, रविकांत कौशिक, हितेश पटेल, रमेश कौशिक, जीवन साहू, टीका राम साहू, जुड़वांन पटेल, ओमप्रकाश साहू, हेमंत कौशिक, बीरू सिंगौर, मेहत्रू यादव, खेमराज टंडन, कुलेश्वर सिंगौर सहित धर्मेन्द्र आदित्य सिन्हा, पोषण पटेल, सुरेश पटेल, कुमलेश सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, वीरसिंह खुटे इब्राहिम खान, जितेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, बृजेश पटेल, प्रीतम सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, टेमन साहू, कृष्णा पटेल दीपक साहू, कुंदन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बीएकेएस की शिकायत पर यूआरएम में आरसीएल कर्मियों को मिली लॉकर सुविधा

**भिलाई, 18 अगस्त।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के पास युआरएम में कार्यरत आरसीएल विभाग के कार्मिको ने शिकायत दर्ज कराया था कि उनको समान रखने के लिए लॉकर की सुविधा , शौचालय तथा रेस्ट रूम की सुविधा नही दिया गया है । इसको संज्ञान लेकर बीएकेएस ने यूआरएम के मुख्य महाप्रबंधक, ईडी वर्क्स, उप निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को मांग पत्र भेजा था । जिस पर उप निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने संज्ञान लेकर मांगों को पूरा कराने का निर्देश दिया था । इस पर 17 अगस्त को मुख्य महाप्रबंधक यूआरएम के साथ यूनियन का मीटिंग आयोजित हुआ। मीटिंग के दौरान यूआरएम प्रबंधन की तरफ से यूआरएम के सीजीएम, आरसीएल विभाग के महाप्रबंधक, बीएकेएस टीम के पदाधिकारियों एवं आरसीएल विभाग के यूनियन कार्यकारणी सदस्य थे ।

# बीएसरी में गुणवत्ता-24 कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र में 12 से 16 अगस्त तक गुणवत्ता-2024 कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार उपस्थित थे। संयंत्र स्तरीय इस प्रतियोगिता में घोषित परिणामों के अनुसार अलग-अलग वर्गों के क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर निम्न टीमों ने सफलता हासिल की हैं- क्वालिटी सर्कल मैनुफैक्चरिंग स्ट्रीम में टीम सारथी (बीआरएम), टीम नवसृजन (सीओ एंड सीसीडी), टीम अग्रणी (सिंटर प्लांट-2) ने, इसी क्रम में क्वालिटी सर्कल मैनुफैक्चरिंग सपोर्ट स्ट्रीम में टीम शौर्य (सीओ एंड सीसीडी), टीम अग्रसर (ब्लास्ट फर्नेस), टीम अनवरत (प्लांट गैरेज) ने, क्वालिटी सर्कल प्योर सर्विसेस स्ट्रीम में टीम सजग (विजिलेंस), टीम स्पर्श (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने तथा लीन क्वालिटी सर्कल स्ट्रीम में टीम नवोदय (एसएमएस-3), टीम उन्नयन (बीआरएम), टीम उन्नति (एसएमएस-2) एवं 5-एस स्ट्रीम में टीम उदय (फोर्ज शॉप), टीम क्रिएटिव (मर्चेंट मिल), टीम जागरूक होता इंसान (मार्स-1) की टीमों ने शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। सर्वोच्च विभागीय भागीदारी के लिए रनर्स-अप ट्राफी ब्लास्ट फर्नेस विभाग को प्रदान की गयी। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक बी मधु पिल्लई, महाप्रबंधक दिनमणि नायक, महाप्रबंधक जेपीएस चौहान एवं महाप्रबंधक मंदीप सिंह भोगल प्रतियोगिता के निर्णायकगण थे। समापन समारोह में महाप्रबंधक मनोज कुमार ने विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वरिष्ठ प्रबंधक रवि कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन में उप महाप्रबंधक पी.के. साहू व सुनील देशमुख सहित बीई विभाग के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# मितानिनों ने विधायक रिकेश सेन को बांधी राखी,उपहार पाकर खिले चेहरे



**भिलाई, 18 अगस्त।** शनिवार को लोकांगन वैशाली नगर में गीत संगीत के तरानों और मनमोहक नृत्य के साथ सैकड़ों मितानिन और सीआरपी बहनों ने विधायक रिकेश सेन को राखी बांधी। गौरतलब हो कि हर बार रक्षाबंधन के त्यौहार से इस बार यह उत्सव इसलिए मितानिन बहनों के लिए और भी खास रहा क्योंकि पार्षद रिकेश सेन अब वैशाली नगर के विधायक बन गए हैं और उसके बाद पहली बार रक्षाबंधन का त्यौहार पर आज ही सभी भाई को राखी बांधने पहुंची हुईं थीं। वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत नगर निगम के कुल 37 वार्डों की मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आज के रक्षाबंधन कार्यक्रम में पहुंची और विधायक रिकेश सेन को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान अपने साथ पकवान और मिठाइयां लेकर पहुंची बहनों ने विधायक का मुंह मीठा करवाया और आरती भी उतारी। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि जबसे वो पार्षद थे तभी से सभी मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों और उनके परिवार से अभिन्न नाता रहा है और यह पारिवारिक रिश्ता हमेशा बना रहेगा। इस बार राखी को लेकर सभी बहनों में अजब उत्साह था क्योंकि अब उनका भाई विधायक बन गया है, उनके लगातार फोन आ रहे थे इसलिए आज से ही रक्षाबंधन की शुरुआत की गयी है। यह कार्यक्रम क्रमिक रूप से 19-20 अगस्त तक जारी रहेगा ताकि सभी बहनों के आशीर्वाद के साथ ही उनकी राखियां कलाई में बंध सके।

# अधिकारी,कर्मी पाली,कर्म शिरोमणि से सम्मानित



**भिलाई, 18 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए विभाग के सहायक महाप्रबंधक गोपाल भंडारी तथा अप्रैल से जून 2024 तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। इसी कड़ी में मार्च 2024 के लिए ओसीटी दीपक कुमार गर्ग को, अप्रैल 2024 के लिए चीफ मास्टर ऑपरेटर रामचंद्र इश्दा को, मई 2024 के लिए ओसीटी शिव कुमार वर्मा को, जून 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर सत्य नारायण मेहर को को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आर के बिसारे ने शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को यह पुरस्कार अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के माध्यम से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कठिन कार्यो को पूर्ण हेतु दिया गया है। यह भिलाई के कार्य संस्कृति एवं टीम वर्क की उपलब्धि है। हमारे श्रमवीरों ने अपने अथक परिश्रम, कार्यकुशलता, लगन एवं तकनीकी दक्षता से कई चुनौतियों पर विजय पाकर परचम लहराये हैं। समारोह में प्लेट मिल के महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, महाप्रबंधक भास्कर राय, महाप्रबंधक श्रीनिवास सेसु, महाप्रबंधक ए के जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। संचालन उप प्रबंधक विजय कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग की ओर से सुखचंद, श्यामल बनर्जी, श्रीमती मीनू चौहान, श्रीमती नीता सरवरे ने अपना योगदान दिया।

# ओम शिव शक्ति विद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई, 18 अगस्त ।** ओम शिव शक्ति विद्यालय सुभाष नगर, खुर्सीपार में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं कथाकार शिवनाथ शुक्ल ने प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हमें अपने वीर शहीदों की शहादत को चिर स्मरणीय बनाये रखना है। उन्होंने स्कूल के प्रतिभावान स्कूली बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि महान भारतीय परम्पराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं उन्हें संभालकर रखना है और शिक्षा के साथ ही खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहना है। स्कूल के संचालक सुरेश कुमार मालवीय ने इस अवसर पर कहा कि इस शिक्षा सत्र से स्कूल में निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है, साथ ही दूसरे स्कूलों से आकर प्रवेश लेने वाले बच्चों को उसी स्कूल के गणवेश की छूट भी प्रदान की गयी है। प्राचार्या श्रीमती रमा मालवीय ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शाला परिवार की ओर से स्मृति चिह्न से मुख्य अतिथि शिवनाथ शुक्ल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक रामपाल साहू एवं रमाकांत मालवीय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ शम्भू सिंह मौर्या, शिक्षक-शिक्षिकाएं सरवर खान, निशा लहरे, सोम चक्रवर्ती, विनीता यादव, नरगिस बनो, दिव्या कटारे, शम्भुनाथ, सेजल मालवीय, सृष्टि मालवीय, किशन मालवीय, पूर्णिमा जांगड़े, गणेशिया बाई, कु भुवनेश्वरी, कु नूरजहां सहित छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक गण तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने वीसी से महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 18 अगस्त।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, भूअर्जन, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, एक पेड़ मां के नाम, नारी शक्ति से जल शक्ति, जल जीवन मिशन, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने और बच्चों के अधिकारों का संरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टरों से जिलेवार जानकारी ली। मुख्य सचिव ने राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ग्रामीण इलाकों में एक कारगर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह से जिलों में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत निराकृत प्रकरणों के ऑकड़े रखने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी जिलेवार ली गई। भू-अर्जन में बटांकन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पंजीयन विभाग और अन्य सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत महत्वपूर्ण ऑकड़ों को पोर्टल में अपलोड करने और जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाली पंचायतों और ग्रामों में हुई प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को श्रम पोर्टल में दर्ज सभी श्रमिकों के राशन कार्ड अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जिलेवार की गई कार्यवाही की समीक्षा भी गई। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से पोषण ट्रेकर एप्प में पोषण संबंधी जानकारी की प्रविष्टि की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, व्यवस्थापन और फ्री होल्ड के संबंध में शासन द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों के तहत जिलेवार की गई कार्यवाही के संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली गई। इसी तरह से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, मुकेश रावटे, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, नगर निगम रिसाली के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी अजय शर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा 18 अगस्त।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर ने तिरंगा ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहायक अभियंता संतोष गुप्ता , सहायक अभियंता आर एन निकुंज , सहायक अभियंता अरविंद निर्मलकर , सहायक अभियंता सौरभ देशमुख , उप अभियंता नरेंद्र राव गणवीर , उप अभियंता हितेश नायडू , उप अभियंता सागर यादव , उप अभियंता अश्विनी ठाकुर , उप अभियंता भाग्यश्री गुप्ता , लिपिक प्रदीप सिंह ठाकुर , परमानंद गुप्ता , प्रशांत सिंह , मुकेश वैष्णव , सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

### साजा नगर पंचायत में शालिनी ने फहराया तिरंगा




**साजा 18 अगस्त।** साजा नगर पंचायत में श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल , उपाध्यक्ष योगेश्वर सोनी पार्षद बिसरूराम साहू , पुष्पा सिन्हा , नरेंद्र यादव , संतोष यादव , सीएमओ टी एस चंद्रवंशी , लेखापाल भारत भूषण ठाकुर , टूबलूराम सिनहा सहायक राजस्व निरीक्षक और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । अधिकारी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ।

### एसडीओ सचिन शर्मा ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोडला में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सचिन शर्मा ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

### पंडरिया में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंडरिया में पीएचई आफिस के प्रांगण में एसडीओ एस एन राम ने फहराया तिरंगा । ध्वजारोहण कार्यक्रम में उप अभियंता आई पी श्याम , बड़े बाबू डी आर ध्रुव और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी ।

### अच्छे कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों को मिला प्रमाणपत्र




**भिलाई, 18 अगस्त।** जिले के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप ने अच्छे कार्यों के लिए दुर्ग पुलिस लाइन टीआई नीलकंठ वर्मा, साइबर थाना प्रभारी नवीन सिंह राजपूत, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग, दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# महिला डॉक्टर से रेप के विरोध में अभाविप ने निकाली आक्रोश रैली,ममता का पुतला जलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** ज्ञात हो पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई है जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया नगर मंत्री शुभम महोबिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है।टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी



कार्यवाही ममता सरकार द्वारा नही की गई। बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है। इन सभी घटनाओं और ममता सरकार की चुप्पी के खिलाफ अभाविप डोंगरगढ़ द्वारा ममता सरकार का पुतला दहन किया गया। विभाग संयोगक अमन बृज नामदेव ने कहा पश्चिम बंगाल में बढ़ते अत्याचार के विरोध में अभाविप डोंगरगढ़ द्वारा ममता सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाला गया साथ नही नगर सह मंत्री दिव्या ठाकुर ने कहा कि आरोपियों को कड़ी सजा नहीं दी गई तो विद्यार्थियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा पश्चिम बंगाल में डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी को लेकर छात्रा बहनों में काफी रोष है रैली में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुश मालेकर, प्रियंका यादव, अंजली रामटेके, आंचल ,कुणाल, पंकज, उमंग, आशु, सरस्वती शिशु मंदिर व कान्यशाला के छात्र छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रक्षाबंधन पर्व क्या है जानिए इसकी विशेषता व रक्षा सूत्र बांधने का शुभमुहूर्त



**भखारा 18 अगस्त।** रक्षाबंधन एक ऐसा पावन पर्व है जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को पूरा आदर और सम्मान देता है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म,जाति और देश की सीमाओं से अलग है। शास्त्रो व पौराणिक कथाओं में लेख अनुसार रक्षाबंधन पर्व भगवान कृष्ण की उंगली सुदर्शन चक्र से गलती से कट गई थी। यह देखकर द्रौपदी ने खून रोकने के लिए अपनी साड़ी से कपड़े का एक टुकड़ा फाड़कर चोट पर बांध दिया। भगवान कृष्ण उनके हाव-भाव से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने हमेशा उनकी रक्षा करने का वादा किया वहीं से रक्षाबंधन पर्व मनाने की शुरुआत होना बताया जाता है इस पर्व का मुख्य उद्देश्य भाई-बहन के रिश्ते की रक्षा और प्रेम को संजोना है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है। भारतीय पौराणिक कथाओं में इस त्योहार के मनाने की कई धार्मिक कहानियाँ हैं। इस वर्ष 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगी,जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 1:30 से लेकर रात्रि 09-07 तक रहेगा।

### जिलाबदर बदमाश और निगरानी बदमाश पर पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 18 अगस्त।** 17 अगस्त को प्रार्थी ने मोहल्लेवासियो के साथ चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले का आदतन बदमाश सुरज उर्फ राजा साहू, सोनु उर्फ प्रदीप साहू शराब पीकर दुकान मे आकर शराब पीने और धमका कर अवैध रूपये पैसो की मांग करते है व आये दिन समस्त दुकानदारो, व्यपारी से डरा धमका कर मुफ्त मे राशन और सामान मांगते है कि रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296,351(2),119(1),3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दुरभाष से वरिष्ठ अधिकारियो को सुचना दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठीत कर अरोपी की पतासाजी कर सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी 01. सुरज उर्फ राजा साहू पिता टिबलू साहू उम्र 36 साल, 02. सोनु उर्फ प्रदीप साहू पिता टिबलू साहू उम्र 34 साल दोनो साकिनान वार्ड नं. 05 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सोनु उर्फ प्रदीप साहू के विरूद्ध श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय राजनांदगांव द्वारा एक वर्ष का काला अवधि के लिए जिला बदर आदेश पारित किया गया था जो क्षेत्र मे लुका छिपा आता जाता था आरोपी द्वारा आदेश का उल्लंघन करना पाया गया जिससे आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर उल्लघंन संबंधी धाराओ के तहत् वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ.श्रीमती ई.व्ही रेवती के दिशा निर्देशन में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। साथ ही शहीदों को महाविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं एन.सी.सी प्रभारी गुलशन सिन्हा के कुशल नेतृत्व में एन.सी.सी के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता देते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। एन.एस.एस प्रभारी हेमूराम पदमे एवं महिला इकाई प्रभारी नीलम चतुर्वेदानी के दिशा निर्देशन में एन.एस.एस के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में जीवन यापन कर रहे हैं ,यह हमारे देश के शहीदों के संघर्ष और बलिदान का ही प्रतिफल है। हमारे युवा छात्र-छात्राओं को इनसे प्रेरणा लेकर अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए,जिससे देश -हित के कार्य किए जा सकें। डॉ. नीता राजपूत द्वारा आजाद वतन की आजाद दिशा में गूंज रहा जय गान कविता प्रस्तुत किया गया। साथ ही एन.सी.सी कैडेट्स मेघा वर्मा एवं भूतपूर्व छात्रा प्रेरणा वैदे द्वारा एम.ए अंग्रेजी ए वतन ए वतन गीत की प्रस्तुति दी गई। स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया ।

# नए सीआरसी में दिव्यांगों की अच्छे से हो सकेगी सेवा:डॉ.वीरेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 अगस्त।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने सीआरसी के पुराने भवन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के पुर्नवास एवं विशेष शिक्षा के लिए 10 राष्ट्रीय संस्थान तथा 25 सीआरसी चलाये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए भवन में सीआरसी का संचालन किया जा रहा है। यह प्रदेश का पहला सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में पुराने भवन में संचालित है। सामाजिक



न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नये भवन का निर्माण कराया गया है। जैसे ही यहां का कुछ अधूरा कार्य पूर्ण हो जाएगा पुराने भवन से नये भवन में सीआरसी शिफ्ट हो जाएगा। इस केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सेवाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से दी जाएगी। यहां फिजियोथैरेपी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। दिव्यांगजनों को ज्यादा अच्छी सुविधाएं मिलगी। ज्यादा मशीनें उपलब्ध करवायेंगे। डिप्लोमा कोर्स के साथ-साथ डिग्री कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। यहां के विद्यार्थी दिव्यांगजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञ तौर पर सेवाएं दे सकते हैं। यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए व्यावहारिक केन्द्र बनने वाला है। साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों का ईलाज एवं उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा सकेगा। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि यहां नये सीआरसी भवन में अच्छे से दिव्यांग बच्चों को सेवाएं दे पायेंगे। यहां विद्यार्थियों को विशेषज्ञ के तौर पर और जॉब के लिए अवसर मिलेंगे। सीआरसी भवन में हॉस्टल भवन की सुविधा के लिए 11 करोड़ रूपए हॉस्टल के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरसी में सुविधा एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के हित के लिए सभी को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि सबका साथ सबका विकास इस मंशा के साथ हमें दिव्यांगजन को भी सशक्त बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना लेकर चल रहे हैं। इस सपने को साकार करने के लिए सीआरसी को सशक्त बनाना है। दिव्यांगजनों से संबंधित सभी संस्थानों को सशक्त बनाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए अच्छा साबित होगा।

## समाचार संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर आकर्षक वेशभूषा में नजर आए बच्चे



**रायपुर 18 अगस्त।** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर एक्टिव किड्स एकेडमी स्कूल रावतपुरा कालोनी मठपुरैना रायपुर के पी पी 1 बच्चें में आकषर्क वेशभूषा में बच्चे नजर आए।इस मोंके पर देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।स्कूल के प्रिंसिपल ललिता साहू ने बताया कि देश 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है।इस अवसर पर स्कूल में आजादी के इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।इस अवसर पर स्कूल के क्लास टीचर सविता सिंह सहित अन्य टीचर और स्टाफ भी उपस्थित रहें।

### जोरातराई में स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**भखारा 19 अगस्त।** ग्राम पंचायत जोरातराई में 15 अगस्त पर ग्राम के समस्त स्कूल की शाला प्रबंधन समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत कविता भाषण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि परमेश्वरी साहू जनपद सदस्य अध्यक्षता खिलावन पाल सरपंच विशिष्ट अतिथि रेणुका बारले प्राचार्य थी। अतिथियों ने कक्षा 5वीं,8वीं,10वीं व 12वीं में प्रथम एवं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एवं निःशुल्क शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग देने वाले को सम्मानित किया।उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्षगण प्रकाश तारक,शैलेंद्र निर्मलकर,नंदकुमार बनपेला,बंसीलाल साहू,ग्राम पटेल महेंद्र साहू,सुदामा राम साहू,टेकराम साहू,मानक लाल साहू,पंचगण पीतांबर निषाद,उत्तम कुमार साहू,किरण बनपेला,लक्ष्मी साहू,पिंगला बाई,जीवनी यादव,हेमलता यादव,घसियाराम कुर्रे,हरिश्चंद्र तारक,छबिलाल,प्रेमलाल साहू,रामजी तारक,पुष्पा तारक,लिकेश साहू,आसबती निर्मलकर,महेश्वरी निषाद,नोनी बाई एवं शाला प्रबंधन समिति के रविंद्र कुमार सेन यामिनी यदु नीलम निर्मलकर कीर्ति देवांगन लक्ष्मी तारक सोनम तारक कुलेश्वर साहू मुकेश गजपाल श्रवण साहू ओमप्रकाश पाल भिमेंद्र कुर्रे गोपाल बांदे एवं ग्रामीण वीरू राम साहू चुरामन साहू धनसाय साहू नंदकुमार शिक्षक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे!

### हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया राजीव अग्रवाल एवं मिर्जा एजाज़ बेग ने ध्वजारोहण

**रायपुर 18 अगस्त।** हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल, आर.डी.ए. प्लाट, चांद आटा चक्की के पास संजय नगर, रायपुर, छ.ग. में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर प्रातः 10:00 बजे मुख्यअथिति माननीय राजीव अग्रवाल जी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं माननीय मिर्जा एजाज़ बेग, सदस्य, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति छ.ग. द्वारा ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात् सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया।

# पुलिस ने कार का पीछा कर हजारों रुपए की शराब पकड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 18 अगसत।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 17/08/2024 को थाना छुरिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि एक टाटा इंडिगो क्रमांक रू01-क्क 6575 में काकोडी महाराष्ट्र की ओर से शराब लेकर ग्राम भोलापुर शिकारीमहका की ओर जाने वाली है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के ग्राम शिकारीमहका चौक के पास नाकाबंदी किया नाकाबंदी के दौरान छुरिया की ओर से एक चार पहिया आया जिसे रोकवाकर पुछताछ व वाहन को चेक कर रहा था तभी वाहन का चालक के द्वारा वाहन को तेज भगाते ग्राम भोलापुर की ओर ग्राम गहिराभेडी के धनहा खेत में उक्त वाहन का चालक वाहन को उपेक्षा पूर्वक चलाते हुए घुंसा दिया था वाहन का चालक अंधेरा का फैदा उठाते हुए वाहन को छोडकर भाग गया वाहन को चेक किया वाहन की डिक्की में चार प्लास्टिक की बोरी में 240 पौवा देशी दारू प्रीमीयम डिलक्स सुपर संत्रा प्रत्येक में 180-180 एम0एल0 शीलबंद भरी हुई जुमला 43.200 बल्क लीटर कीमती 16800/-रूपये शराब एवं वाहन क्रमांक रू01-क्क6575 कीमती 300000/-रूपये जुमला कीमती 316800/-रूपये को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक एस0एल0कंवर, आरक्षक 160 देवीप्रसाद साहू, 460 फुलेन्द्र राजपुत एवं आरक्षक 827 जयराम निषाद का विशेष योगदान रहा ।




### रि- यूनियन प्रोग्राम में शिक्षकों के प्रति पुनः दिखी आदर की भावना

**राजनांदगांव , 18 अगस्त ।** वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के ऑडिटोरियम में आज शनिवार के दिन खट्टी - मीठी यादों का पिटारा खुल पड़ा । 1996 बैच के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ पुनर्मिलन के कार्यक्रम में खुल कर अपने दिल की बातें कीं । बीते 28 वर्षों के अंतराल में कोई सी ए तो कोई इंजीनियर तो कोई सेल्स ऑफिसर और मोटिवेशनल स्पीकर बनकर अपनी स्कूली शिक्षा को मिल का पत्थर बता रहा था ।अपने शिक्षकों के प्रति आदर - सम्मान रखने वाले वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के 1996 बैच में 12 वीं पास आउट विद्यार्थियों ने आज एक शानदार आयोजन के साथ पुरानी यादों को पंख लगा दिए । अपने द्वारा की गई बाल- सुलभ बदमाशी को याद कर उन्होंने शिक्षकों की डांट - डपट को कड़वी दवाई बताते हुए कहा कि आपकी उसी दवाई के चलते आज हमने यह मुकाम हासिल किया है । एक ओर जहां युवकों ने अपने व्यवसाय अथवा सेवा क्षेत्र को आज के लिए शिक्षकों के नाम लिख दिया वहीं गृहिणी के रूप में अपने बच्चों सहित परिवार को सम्हालने वाली युवतियों ने भी अपने ससुराल से एक दिन की छुट्टी ले ली । अपने आप को अपने सबसे बड़े शुभचिंतकों के बीच पाकर सभी ने अपने पुराने दिनों की याद को एक - दूसरे के साथ साझा किया । सबसे बड़ी बात यह कि इतने साल बीत जाने के बाद भी कुछ विद्यार्थियों ने खुद को उसी यूनिफॉर्म में पेश किया जिस यूनिफार्म में वे स्कूल आया करते थे । यहां तक कि बेल्ट और बैच भी उसी समय का टाई के साथ उपयोग में लाया गया ।

# पुलिस ने एफआईआर के चंद घंटे के अंदर पकड़ा चोर को

**राजनांदगांव 18 अगस्त।** प्रार्थी कल थाना हाज़िर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 14/08/2024 को दोपहर 02 बजे खेत से घर आकर आलमारी में रखे अपनी पत्नि के सोने का मंगलसुत्र कीमती 40,000 ? को सफाई कराने और नगद 60,000 रूपये को बैंक में जमा करने निकालकर एक कपडे में बांधकर बाहर मे खड़े अपने स्कुटी के डिक्की मे रखकर चाबी को स्कूटी में ही छोड़कर घर में ताला लगाने के लिए ताला चाबी लेने अंदर गया बाहर आकर घर में ताला लगाकर चाबी को स्कूटी के डिक्की में रखने के लिए खोला तब देखा कि डिक्की में रखे सोने का मंगलसूत्र और 60,000 रुपए नगदी रकम कुल कीमत 1,00,000/? को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया है की लिखित रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 345/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों श्रीमान



पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेंद्र नायक को हालात से अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के द्वारा चोरी किए गए माल और आरोपी के पता साजी के लिए टीम गठित कर मुखबिर लगाया गया की जरिये मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम इंदामारा का एक व्यक्ति मोजेश वर्मा के पास चोरी किया हुआ माल होने की सूचना पर संदेही को ग्राम इंदामारा से पूछताछ करने हेतु थाना लाया गया जो पहले पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देकर घूमा रहा था लेकिन पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि जब प्रार्थी वीरेंद्र वर्मा निवासी इंदामारा ताला लगाने के लिए अपने घर अंदर गया तब आरोपी अपने घर के गेट के पास खड़ा था आसपास कोई भी व्यक्ति दिखाई नहीं देने से मौका पाकर तुरंत आरोपी के द्वारा प्रार्थी के स्कूटी के डिक्की में रखें सोने का मंगलसूत्र 09 पत्ती वाला जिसकी कीमत करीब 40,000 और नगदी रकम 60,000 कुल कीमत 1,00,000/? को चोरी कर अपने घर में रखना बताएं जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# परसाबुड़ा में विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी,स्कूलों में फहराया गया तिरंगा

■ जन भागीदारी अध्यक्ष खेल सिंह यादव ने किया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड 18 अगस्त।** 78वे स्वतंत्रता दिवस की पावन अवसर मे ग्राम परसाबुड़ा मे बड़ा ही धूमधाम से मनाया गया शा. प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला मे प्रातः 7 बजे छात्र छात्राओं शिक्षकगण एवं ग्रामीण की उपस्थिति मे जनभागीदारी अध्यक्ष खेलसिंग यादव द्वारा ध्वजा रोहन किया गया जिसके पश्चात आंगनवाड़ी मे ग्रामीण अध्यक्ष देवानसींग द्वारा ध्वजा रोहन किया गया

स्कूल का छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत गाते हुए प्रभात रैली निकाला गया अमृत सरोवर मे उपसरपंच सतीश साहू द्वारा ध्वजा रोहन किया वित्तीय वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण साहू समाज द्वारा साहूपारा गौरा चौंक मे बेनुराम साहू द्वारा ध्वजा रोहन किया ग्राम पंचायत भवन मे सरपंच जितराम ध्रुव के द्वारा ध्वजा रोहन किया



कुल पांच अलग अलग जगहों पर ध्वजा रोहन किया गया तत्पश्चात गांव की गलियों में प्रभात रैली निकाल कर स्कूल में छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमे सौर मंडल के विषय मे बताया गया की सौर मंडल की क़िस ग्रह का उपग्रह कौन से ग्रह है और किसका चक्कर कौन लगाता है,स्कूली बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए 31 मई को नहर विभाग से रिटायर हुए किसन साहू द्वारा सभी 110 बच्चो को कॉपी,पेन शिक्षकों को एक एक पेन 5 नग अशोक और 5 नग पाम का पेड़ स्कूल मे वितरण किया।

पत्रकार एसकुमार साहू कक्षा प्रथम से आठवीं तक हर क्लास के तीन तीन विद्यार्थी जिनका त्रिमासिक आंसिक टेस्ट के अनुसार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 24 बच्चों एवं अनुशासन से प्रभावित करने वाले तीन विद्यार्थी कुल 27 बच्चों को कॉपी,पेन कंपास,शिश,कटर मेटनी वितरण किया गया किसन साहू सेवानृवित द्वारा स्कूल प्रांगण मे पौधारोपण किया गया

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सरपंच जीत राम ध्रुव अध्यक्षता सेवानृवित शिक्षक डी पी साहू अतिथि बेनू राम साहू किसन साहू खेल सिंग यादव गिरिवर साहू एस कुमार साहू दिनेश सिन्हा शिवकुमार सिन्हा जेठूराम साहू पूर्व सरपंच करण सिंग ध्रुव रोहित साहू राधिका निषाद झामिन साहू कल्याणी कामना साहू शिक्षक गण रामराज्य ध्रुव,चंद्रहास बघेल दीपमाला बघेल

गुणेश्वर लाल बंजारे रोशनी सोनी,प्रमोद कुमार साहू संजय कुमार निषाद सियाराम निषाद कु.यशोदा साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

संस्कृत दिवस बस आने ही वाला है और कई कलाकारों का मानना है कि संस्कृत सीखने से उन्हें अपनी कला को बेहतर बनाने में मदद मिली है। एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि कैसे इस भाषा ने भाषाई बारीकियों और अभिव्यक्ति की उनकी समझ को और भी गहरा बनाते हुये उनकी कलात्मक प्रस्तुति को निखारा है। इन कलाकारोंमें अमित भारद्वाज , आशुतोष कुलकर्णी , हिमानी शिवपुरी और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी) शामिल हैं।



# रक्षाबंधन पर क्या हैं कलाकारों के खास प्लान्स



रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का प्रतीक है और इसे बेहद धूमधाम के साथ मनाया जाता है। राखी का यह पावन पर्व जल्द ही आने वाला है और इस मौके पर एण्डटीवी की नायिकाओं ने अपने भाईयों के साथ अपने खूबसूरत रिश्ते और इस साल रक्षा बंधन मनाने की खास योजनाओं के बारे में बताया। इन अभिनेत्रियों में एण्डटीवी के नये शो 'भीमा' की भीमा ऊर्फ तेजस्विनी सिंह, 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ऊर्फ नेहा जोशी, 'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा ऊर्फ हिमानी शिवपुरी और 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी ऊर्फ विदिशा श्रीवास्तव शामिल हैं।

एण्डटीवी के नये शो 'भीमा' में भीमा का किरदार निभा रहीं तेजस्विनी सिंह ने कहा, ''मेरा भाई मेरी पूरी दुनिया है, मैं उसे बहुत प्यार करती हूँ। जयपुर में हमारे घर पर, हम राखी पर बहुत बड़ा जश्न मनाते थे। मेरे सारे कज़िन, अंकल और आंटियाँ आते हैं और मेरी माँ पूड़ी-सब्जी, खीर और तरह-तरह के पकौड़े बनाती हैं। इस बार हम वर्चुअल राखी मनाने वाले हैं। क्योंकि मैं अपने शो के लिये मुंबई में हूँ और वह मम्मी-पापा के साथ जयपुर में है। मैंने अपनी दीदी को उसके लिए एक स्पाइडर मैन की राखी खरीदने और मेरी तरफ से उसे बाँधने के लिए कहा है, क्योंकि स्पाइडर मैन उसका सबसे पसंदीदा सुपरहीरो है।'''अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी, ऊर्फ नेहा जोशी ने बताया, ''मैं एक बड़े महाराष्ट्रियन परिवार से हूँ और यह त्योहार हमेशा से हमारे लिए बड़ा ही भव्य रहा है। मेरे घर की राखी पार्टी में, मुँह में पानी लाने वाले कई पकवान होते हैं। यह सभी चीजें मेरी माँ बनाती है। इस जश्न का हिस्सा बनने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूँ। अपने भाई के लिए मैं राखी और एक खास तोहफा भी ले चुकी हूँ। मेरा भाई मुझसे बड़ा है, वह बहुत ही केयरिंग, प्रोटेक्टिव है और हमेशा मेरा बॉस बनने की कोशिश में लगा रहता है। उसने हर उतार-चढ़ाव में मेरा साथ दिया है। हमारा रिश्ता बेजोड़ है और वह मेरा सबसे करीबी दोस्त भी है। मैं सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ देती हूँ।''

'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा बनीं हिमानी शिवपुरी ने कहा,''मेरे होमटाउन देहरादून में हम बड़े पारंपरिक तरीके से रक्षाबंधन मनाते हैं। हम अपने पुराने घर में रिश्तेदारों के साथ इसका आयोजन करते हैं। सभी का मिलना, अपने भाइयों को राखी बाँधना और फिर पसंदीदा व्यंजनों पर टूट पड़ना किसी रिवाज के जैसा हो गया है। और इस साल भी कुछ नहीं बदलने वाला है। शूटिंग की व्यस्तता के कारण हो सकता है कि इस साल मैं अपने परिवार के साथ न रहूँ। लेकिन अपने भाई के लिए राखी भेजूंगी और वीडियो कॉल करुँगी। मेरा भाई एक पिता की तरह मुझे गाइड करता है और राज़ बताने के लिए दोस्त बन जाता है और राय भी देता है। अपनी जिन्दगी में ऐसा भाई पाने के लिये मैं आभारी हूँ। मेरे भाई हिमांशु और अन्य सभी भाइयों को मेरी तरफ से रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका के लिए मशहूर विदिशा श्रीवास्तव ने बताया,''मैं अपने भाई गौरव से बहुत प्यार करती हूँ। वह मेरी जिन्दगी के सबसे महत्वपूर्ण लोगों में से एक है और हमेशा मेरा साथ देता है। हम साथ मिलकर धूम मचा देते हैं। हमें एक-दूसरे से प्रैंक करना और तंग करना पसंद है। हमारे दिन की शुरूआत घर पर रक्षाबंधन के पारंपरिक समारोह से होगी। मैं गौरव की कलाई पर एक खूबसूरत राखी बाँधूंगी, जो उसकी भलाई के लिये मेरी प्रार्थनाओं और प्यार का प्रतीक होगी। यह परंपरा स्नेह और लगाव से भरकर हमारे उत्सव का केन्द्र बन जाती है। त्योहार के दौरान घर की बनी मिठाइयों का आनंद उठाने में जो खुशी मिलती है, वो किसी दूसरी चीज में नहीं है। मैंने गौरव की पसंदीदा मिठाइयों में से कुछ बनाना तय किया है, जैसे कि गुलाब जामुन। मैंने बड़ी सावधानी से एक तोहफा चुना है, जिसमें गौरव की शख्सियत और रुचियाँ झलकेंगी। उसने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया है और यह मेरी ओर से उसके लिये एक छोटा सा आभार है।

## प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर का नया रेडियो प्रोग्राम इस दिवाली से होगा शुरू



लिपिका वर्मा

पद्मश्री सम्मानित प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर, जो संगीत में नई प्रतिभाओं को निखारने के लिए जाने जाते हैं, ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक नया रेडियो प्रोग्राम ÷ऐ ज़िंदगी गले लगा ले÷ की घोषणा की। इस प्रोग्राम का निर्माण स्टूडियो रीफ्यूल द्वारा किया गया है और यह प्रोग्राम इस दिवाली से शुरू होगा। सुरेश वाडकर ने इस कार्यक्रम के दौरान बिहाइंड द स्टोरीज़ के बारे में एक झलक दी। हालांकि चैनल का अभी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन यह प्रोग्राम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू होगा और फिर वैश्विक स्तर पर भी प्रसारित होगा।

सुरेश वाडकर, जो अपनी मधुर आवाज और कालजयी गीतों के लिए जाने जाते हैं, ने इस अवसर पर फिल्म सदमा के सदाबहार गीत ऐ ज़िंदगी गले लगा ले÷ के बारे में बात की। इस गीत की रिकॉर्डिंग और इसकी स्थायी लोकप्रियता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ÷यह लगभग 37 या 38 साल पहले की बात है, लेकिन यादें आज भी ताजा हैं। उन दिनों मैं एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो में गाने रिकॉर्ड करने में व्यस्त रहता था। एक दिन जब मैं राजा साहब (इलैयाराजा) से मिला, तो मैं उनके छोटे कद और बड़ी प्रतिभा से आश्चर्यचकित हो गया। वह सबसे प्रतिभाशाली संगीतकार हैं जिनसे मैं तब मिला था। उन दिनों, हमें दक्षिण भारतीय संगीत या संगीतकारों के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, इसलिए मैं उस दिन उनसे परिचित हुआ।

गीत की लोकप्रियता के बारे में आगे बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे इस गीत की लोकप्रियता तब पता चली जब मैं दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहा था और मुझे लगभग 50 पत्र मिले जिसमें ऐ ज़िंदगी गाने का अनुरोध था। मैंने भीड़ को बताया कि मुझे इसके बोल याद नहीं हैं। आश्चर्यजनक रूप से, 7 मिनट में एक खूबसूरत लड़की ने गीत के बोल लिखकर मुझे दे दिए। फिर मैंने दर्शकों की मांग पर यह गाना गाया। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला अनुभव था। उस दिन मुझे ऐ ज़िंदगी की लोकप्रियता का पता चला। जब भी मैं यह गाना सुनता हूं, श्रीदेवी की यादें जीवित हो जाती हैं। शाहरुख खान अभिनीत फिल्म डियर ज़िंदगी के लिए अरिजीत सिंह द्वारा गाए गए गाने ÷ऐ ज़िंदगी÷ के बारे में सुरेश वाडकर ने कहा, अरिजीत न केवल एक उत्कृष्ट गायक हैं बल्कि एक प्रशिक्षित शास्त्रीय गायक भी हैं। अरिजीत को मेरी पत्नी पद्मा ने गुरुकुल में प्रशिक्षित किया था और अरिजीत आज भी उन्हें माँ कहकर संबोधित करते हैं।

## जीएसके के नए जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन एवं मनोज पाहवा

जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं अमिताभ बच्चन में देश के हर कोने के लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है हमें विश्वास है कि कैंपेन में उनके होने से हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों विशेष रूप से बड़ी उम्र के लोगों तक पहुंचने और उन्हें शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी। इस अभियान को लेकर मनोज पाहवा ने कहा मैं उस आयु वर्ग में आता हूं, जिसमें शिंगल्स होने का खतरा रहता है जीएसके के शिंगल्स जागरूकता अभियानों के माध्यम से मैंने इस दर्दभरी बीमारी और इससे जुड़े खतरों के बारे में काफी कुछ जाना है मैंने स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना किया है और इस बात को अच्छी तरह से समझता हूं कि संक्रामक बीमारियों से ग्रस्त होने पर सामान्य एवं सक्रिय जीवन जी पाना कितना मुश्किल हो जाता है। मैं लोगों को शिंगल्स के कारण जानने और बचाव के महत्व के बारे में शिक्षित करने के इस अभियान का हिस्सा बनकर गर्व का अनुभव कर रहा हूं।


## विद्या बालन के साथ लगाएं हंसी के ठहाके



विद्या बालन एक सिनेमाई पावरहाउस हैं, जो अपनी असाधारण अभिनय क्षमता के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन सिल्वर स्क्रीन से परे, वह अब एक सोशल मीडिया सनसनी बन गई हैं, जो आसानी से नाटकीय भूमिकाओं से लेकर मज़ेदार और यूनिक कंटेंट देने तक का काम करती हैं। लोकप्रिय रुझानों में अपनी अनूठी शैली जोड़ने की आदत के साथ, विद्या की रीलें बुद्धि, आकर्षण और उनकी विशिष्ट अभिनय क्षमता का एक शानदार मिश्रण हैं।आइए उनके पाँच बेहतरीन जोक्स पर एक नज़र डालते हैं जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। कुछ हफ़्ते पहले, विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर एक रील शेयर की थी, जिसमें वह वाकई मनोरंजक अवतार में नज़र आ रही थीं। गूगल से एक गाना माँगने की एक चंचल कोशिश में, उन्हें ऐसा जवाब मिला जिसे सुनकर आप ज़रूर हँस पड़ेंगे।

## ताहा शाह बदुशा ने रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ तीन फिल्म की साइन

संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स सनसनी हीरामंडी की अपार सफलता के बाद प्रसिद्धि पाने वाले ब्रेकआउट स्टार, ताहा शाह बदुशा ने रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ तीन फिल्म की साइन। ताजदार बलूच के रूप में अपने आकर्षण और अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले अभिनेता, प्रतिष्ठित बैनर के तहत अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए तैयार हैं, जिसके पास शोले, सीता और गीता, और सागर जैसी टाइमलेस क्लासिक्स और दम मारो दम, ब्लफ़मास्टर और टैक्सी 9211 जैसी फ़िल्में हैं, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित होता है । ताहा के बारे में बात करते हुए, रोहन ने साझा किया, ÷ताहा स्क्रीन पर एक अनूठी ऊर्जा और उपस्थिति लाते हैं। मैंने उन्हें ताज और हीरामंडी में देखा है और अपने शिल्प के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दर्शकों से जुड़ने की उनकी क्षमता सराहनीय है। अपने करियर के इस नए अध्याय से बेहद खुश, ताहा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ 3-फिल्मो को साइन करना सम्मान की बात है और रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित फिल्म में काम करना एक सपने जैसा है। यह अवसर वाकई बहुत ही विनम्र करने वाला है और मैं इस फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं। इस तरह की शानदार शुरुआत और बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस में से एक के समर्थन के साथ, ताहा शाह बदुशा की आने वाली फिल्में दर्शकों को लुभाने और विभिन्न शैलियों में अपनी प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा के साथ उद्योग में उनकी जगह को और मजबूत करने के लिए तैयार हैं।



## एक्शन फिल्मों में मेरी रुचि है, मैं हमेशा से ही एक्शन रोल करना चाहती थी: निकिता दत्ता

गोल्ड, कबीर सिंह और द बिग बुल जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाने वाली निकिता दत्ता दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखती हैं। हाल ही में, उन्होंने घराट गणपति में अपनी पहली फिल्म के साथ मराठी सिनेमा में कदम रखा, जिसमें उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें सरहाना और प्रशंसा मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में, निकिता ने नई जॉनर, विशेष रूप से एक्शन के लिए अपने उत्साह को साझा किया। उन्होंने खुलासा किया, मैं हमेशा से ही एक्शन रोल करना चाहती थी और यह कुछ ऐसा है जो मेरे दिमाग में है। विभिन्न विधाओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के बाद, निकिता को एक्शन से भरपूर भूमिकाएँ निभाते देखना दिलचस्प होगा। भारतीय सिनेमा के विकास के साथ, कई अभिनेत्रियाँ एक्शन भूमिकाओं में कदम रख रही हैं और निकिता की प्रतिभा और समर्पण उन्हें इस जॉनर के लिए एक परफेक्ट फिट बनाता है। निकिता दत्ता सिद्धार्थ आनंद की आगामी नेटफ्लिक्स प्रोडक्शन, ज्वेल थीफ- द रेड सन चैप्टर में अभिनय करते हुये दिखाई देंगी।



## एण्डटीवी के 'अटल' और 'भीमा' में देखिये जबरदस्त ड्रामा



एण्डटीवी के 'अटल' के बारे में बताते हुये कृष्णा देवी का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''अटल को परीक्षा में शामिल होने के लिये दूसरे पैरेंट्स का भी सपोर्ट मिलने के बाद, स्कूल प्रिंसिपल परेशान होकर एक ब्रिटिश अधिकारी से इस घटना के बारे में चर्चा करता है। ब्रिटिश अधिकारी स्कूल प्रिंसिपल और तोमर को एक क्रूर योजना के बारे में बताता है, ताकि अटल विचलित हो जाये और मोहल्ले में हंगामा मच जाये। सुशीला को इस योजना के बारे में पता चल जाता है और वह सरस्वती को बताती है कि बहुत जल्द कुछ महत्वपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण होने वाला है। अगली सुबह, मोहल्ले में सिपाही आते हैं और सभी लोगों को अपना घर खाली करके वहां से चले जाने का आदेश सुनाते हैं, क्योंकि सरकार की वहां पर अब एक डाक बंगला बनाने की योजना है। अटल शुरूआत में सिपाही से अचानक इस फैसले का कारण पूछता है और फिर सभी लोगों से एविक्शन नोटिस (घर खाली करने का नोटिस) जमा करवाता है, उसे जला देता है और ब्रिटिश सरकार के फैसले के खिलाफ एक कड़ा कदम उठाता है। इस बीच कृष्णा देवी अटल को स्कूल की परीक्षायें देने के लिये प्रोत्साहित करती है। स्कूल में अटल का सामना उस ब्रिटिश अधिकारी से होता है और वह अटल को चुनौती देता है कि वह उसे चैन से नहीं रहने देगा और उसे बेघर करके रहेगा। वहीं, तोमर मोहल्ले के सभी लोगों से एक जगह जमा होने के लिये कहता है, जहां वह एक बड़ी घोषणा करने वाला है। ब्रिटिश अधिकारी मोहल्ले के लोगों से कहता है कि उनकी इस स्थिति के लिये अटल जिम्मेदार है और यदि उन्होंने एक हफ्ते के भीतर अपनी मर्जी से घर खाली नहीं किया, तो उन्हें धक्के मारकर वहां से बाहर कर दिया जायेगा और उन्हें कोई मुआवजा भी नहीं मिलेगा।''एण्डटीवी के 'भीमा' के बारे में बताते हुये धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता साबले ने कहा, ''भीमा स्कूल में दाखिला करवाने पर अड़ जाती है, जिसके बाद कैलाशा बुआ और कलिका सिंह उसे और उसकी माँ धनिया को कमरे में बंद करने की योजना बनाते हैं और उन पर हमला करने के लिये अपने आदमियों को भेजते हैं। हालांकि, भीमा के चाचा छबीला उनकी मदद करने के लिये पहुंच जाते हैं, लेकिन उन पर एक गंभीर आरोप लग जाता है। इस बीच धनिया बेहोश हो जाती है और कैलाशा बुआ इसे एक अवसर के रूप में देखती है। वह भीमा को धमकाती है कि धनिया की देखभाल तभी की जायेगी, जब भीमा उनकी चुनौती को पूरा करेगी और पढ़ाई करने की जिद हमेशा के लिये छोड़ देगी।''

## नीता मोहिन्द्रा एण्डटीवी के 'भीमा' में निभा रही हैं कैलाशा बुआ का किरदार!

एण्डटीवी के नये शो 'भीमा ' को इसकी दिलचस्प कहानी और प्रतिभाशाली किरदारों के लिये काफी सराहना मिल रही है। नीता मोहिन्द्रा, जोकि इस शो में प्रमुख विरोधी कैलाशा बुआ का किरदार निभा रही हैं, को भी इंडस्ट्री के लोगों और प्रशंसकों से बहुत तारीफें मिल रही है। एक खास बातचीत के दौरान नीता मोहिन्द्रा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुये कहा, ''कैलाशा बुआ बहुत सख्त है और परिवार में उनका काफी दबदबा है। उनके अधिकार पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उनका पुत्र कलिका सिंह उनकी बहुत इज्जत करता है और उनके मूल्यों एवं विश्वासों पर चलता है। उनका विश्वास बहुत मजबूत है और वे खासकर अपने करीबी लोगों के प्रति उदार हैं। अपने सम्मानित और प्रभावशाली ओहदे के बावजूद समाजिक श्रेणी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें सबसे मजबूत प्रतिपक्षी किरदारों में से एक बनाती है।'' शो की शूटिंग जारी है और नीता मोहिन्द्रा इस भूमिका की तैयारी के दौरान हुए अनुभव को याद करते हुए कहती हैं, ''कैलाशा बुआ की भूमिका के लिये तैयारी करने में मुझे ऐसी महिला की सोच को गहराई से समझना पड़ा, जो सामाजिक वर्गीकरण में काफी उलझी रहती है। मैंने कैलाशा बुआ की मान्यताओं और बदलाव का विरोध करने के स्वभाव को पूरी तरह से समझने के लिये उस दौर के सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयामों पर बहुत शोध किया। विरोधी किरदार निभाने की चुनौती अलग ही होती है।

## बंगाली अभिनेत्री मालोबिका बनर्जी ने कोलकाता के डॉक्टर के इंसाफ के लिए प्रोटेस्ट में लिया भाग




बंगाली अभिनेत्री मालोबिका बनर्जी बंगाल के आरजी कर अस्पताल में हुए डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले पर कहा, एक लड़की जिसने दूसरों की जिंदगी बचाने का सपना देखा था, उसे अपनी जान देनी पड़ी, मैं अब कोलकाता के किसी भी अस्पताल में जाने में असुरक्षित महसूस करती हूं।

बंगाल में एक दुखद घटना के मद्देनजर जहां एक युवा महिला डॉक्टर की उसके कार्यस्थल पर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, बंगाली अभिनेत्री मल्लोबिका बनर्जी ने न्याय और महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए आगे कदम बढ़ाया है। मल्लोबिका, जो खुद बंगाल की रहने वाली हैं, को कल रात आरजी कर अस्पताल में हुए महत्वपूर्ण जघन्य अपराध पर प्रोटेस्ट में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए देखा गया।

मल्लोबिका ने अपने सोशल मीडिया पर प्रोटेस्ट की कुछ तस्वीरें साझा की और एक इमोशनल मैसेज लिखा,÷एक ऐसी आवाज के लिए मौन एकजुटता के साथ खड़ी हूं, जिसे बहुत जल्द ही खामोश कर दिया गया। मेरा दिल उस मासूम की जिंदगी के खो जाने और उसके द्वारा सहे गए अकल्पनीय आतंक के लिए दुखी है। जैसा कि हम न्याय के लिए मार्च कर रहे हैं।÷ , मैं सवाल किए बिना नहीं रह सकता- हमारी लड़कियों को उस दुनिया में सुरक्षित महसूस करने में और कितनी जिंदगियां लगेंगी, जो उनकी रक्षा करेगी? अभिनेत्री ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बढ़ते मामलों पर भी गहरी चिंता व्यक्त की, खासकर उन महिलाओं के खिलाफ जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपना गृहनगर छोड़ देते हैं। अभिनेत्री कहती है अपना राज्य छोड़कर कहीं और बसने का साहस करके कुछ सपने देखना हर लड़की के लिए असुरक्षित है। यह भयावह है कि एक लड़की जो डॉक्टर बनकर दूसरों की सेवा करने की इच्छा रखती थी, वह इतने जघन्य अपराध का शिकार कैसे हो गई। मल्लोबिका ने जनता से केवल सोशल मीडिया संवेदनाओं से आगे बढ़ने और ऐसे अत्याचारों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। लोगों से मेरा यह छोटा सा आग्रह है कि अब समय आ गया है, मुझे उम्मीद है कि लोग सोशल मीडिया स्क्रॉल ना करें और ओम शांति या आरआईपी कहने के बजाये इन सबके खिलाफ खड़े होंगे। तभी मुझे यह महसूस होगा हममें से प्रत्येक के लिए सही स्वतंत्रता है। मल्लोबिका टॉलीवुड अभिनेता विजय देवरकोंडा पर अपनी टिप्पणी के लिए चर्चा में थीं, उन्होंने लाइगर में अपना बॉलीवुड डेब्यू करते समय विजय की हिंदी भाषा की तुलना हिब्रू से करने के बारे में अपनी गलत धारणा को स्पष्ट किया था।

## टेल अ जोक डे - आइए कुब्रा सैत के पाँच बेहतरीन चुटकुलों पर नज़र डालें

आज टेल अ जोक डे के लिए पूरे देश में हंसी का माहौल है, लेकिन एक नाम सबसे ज़्यादा चमक रहा है कुब्रा सैत। सुबह की वीडियो सीरीज़ हूमन्स में उनके हास्य की खुराक ने उन्हें लोगों की पसंदीदा शख्सियत बना दिया है। जहाँ डिजिटल दुनिया चुटकुलों से भरी पड़ी है, वहीं कुब्रा की बुद्धि, आकर्षण और सहजता के अनोखे मिश्रण ने उनके चाहने वालों के दिलों में एक खास जगह बना ली है, जिससे यह साबित होता है कि अपने अभिनय करियर की आपाधापी के बीच भी, खुशियाँ फैलाना उनके लिए एक अहम काम है। आइए उनके पाँच बेहतरीन चुटकुलों पर नज़र डालें जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। कुब्रा ने हाल ही में एक बेहद मज़ेदार वीडियो शेयर किया था जिसमें वे अलग-अलग तरह के लोगों के बारे में बात करती नज़र आ रही हैं। उनकी मज़ेदार टिप्पणी और उसके बाद की पंचलाइन देखने लायक हैं। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, आप किस तरह के पर्सन हैं। एक हफ़्ते पहले उन्होंने एक बेहद मज़ेदार जोक शेयर किया था, जिसमें वे पूरी तरह से अपने ही अवतार में नज़र आ रही थीं। अपने खास अंदाज़ में, उन्होंने एक मज़ेदार जोक से सबको चौंका देने से पहले एक ऐसी ज़िंदगी के बारे में बताया जो सबको पसंद आ सकती है। यह वीडियो इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि क्यों कुब्रा रोज़ाना मज़ाक करने के लिए मशहूर हो गई हैं। लगता है यह मेरा सबसे अच्छा है!



# टीवी कलाकारों ने मनाया आजादी का जश्न









भारत 15 अगस्त को अपना 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया और हमारे देश के लोग गर्व तथा खुशी से फूले नहीं समाए। इस दिन राष्ट्रध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया, हमारे स्वाधीनता सेनानियों के बलिदानों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई एण्डटीवी के कलाकार अमित भारद्वाज (नये लॉन्च हुए शो 'भीमा' में मेवा का किरदार निभा रहे), आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') देश के लिये अपने गर्व और प्रेम को जाहिर कर रहे हैं।

'भीमा' में मेवा का किरदार अदा कर रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''इस 78वें स्वाधीनता दिवस पर मेरा दिल हमारे अतुलनीय राष्ट्र के लिये प्यार और गर्व से भरा हुआ है। हमने विभिन्न क्षेत्रों में जो प्रगति की है, उसका मैं बेहद आभारी हूँ। यह प्रगति विज्ञान से लेकर टेक्नोलॉजी और कला से लेकर खेलों तक में हुई है। वैश्विक मंच पर हमारी उपलब्धियाँ हमारे लोगों की कड़ी मेहनत और नवाचार का सबूत देती हैं। भविष्य की ओर देखते हुए, आइये हम उत्कृष्टता के लिये प्रयास जारी रखें, अपनी विविधता को अपनाएं और अपने प्यारे देश का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिये मिलकर काम करें। जय हिन्द!''

'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''भारत की विविधता असीम आनंद का स्रोत है। रंग-बिरंगे त्यौहारों और जीवंत परंपराओं से लेकर हमारी एकता तक, हमारी संस्कृति का हर पहलू मुझे गौरवान्वित करता है। हमारे देश में भाषाओं, रिवाजों और मान्यताओं का अनोखा संगम एक खूबसूरत चित्रपट के जैसा है, जो मेरे दिल की गहराइयों में बसा हुआ है। बीते 78 वर्षों में हमने जो प्रगति की है, उससे मुझे बेहद खुशी होती है। हमने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ पाई हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं हर नागरिक से आग्रह करता हूँ कि वे यह सोचें कि निजी तौर पर आजादी उनके लिये क्या मायने रखती है। आइये, हम अपने बच्चों को अपने पुरखों के बलिदानों की जानकारी दें और उनमें गर्व तथा जिम्मेदारी की भावना डालें। इस तरह हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे स्वाधीनता सेनानियों की विरासत जीवित रहे और आजादी की भावना हमारी भविष्य की पीढ़ियों में भी स्थानांतरित होती रहे।''

गीतांजलि मिश्रा, जो कि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका अदा कर रही हैं, ने कहा, ''इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रक्षा करने वाले जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के अलावा, मैं अलग-अलग क्षेत्रों, जैसे कि पुलिस फोर्स, मेडिकल, सोशल वर्कर्स, स्पोर्ट्स, एन्टरटेनमेंट एवं साइंस एंड टेक्नोलॉजी में काम कर रहे हमारे नेशनल हीरोज़ के प्रति भी सम्मान जताना चाहूंगी। कई ऐसे लोग हैं, जो अपने उत्कृष्ट उपलब्धियों से निरंतर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं, जिसमें हमारी स्वतंत्रता का असली भाव निहित है। मैं कामना करती हूँ कि भारत ऐसे ही निरंतर विकास करता रहे और हम हर दिन अपनी आजादी का जश्न मनायें।'' शुभांगी अत्रे, जो कि 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार अदा कर रही हैं, आगे कहती हैं, ''स्वतंत्रता एक बहुत बड़ा सौभाग्य और बड़ी जिम्मेदारी दोनों ही है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिये कि हमें कितनी मुश्किल से आजादी मिली है और हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों व योगदानों को याद रखना चाहिये। हर स्वतंत्रता दिवस पर मैं अपनी बेटी आशी को हमारी सोसायटी के ध्वजारोहण समारोह में ले जाती हूं और उसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करने की याद दिलाती हूं, जिन्होंने हमें स्वतंत्रता से जीने और अपने सपनों को पूरा करने के अवसर को संभव बनाया। मैं चाहती हूं कि मेरे सभी प्रशंसक और दर्शक भी ऐसा ही करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां आजादी के असली अर्थ को समझ सकें।''

## मिशन मंगल के 5 साल: विद्या बालन के 5 डायलॉग जो आज भी प्रेरणा देते हैं



मिशन मंगल के पांच साल पूरे होने पर, इस फिल्म को न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की शानदार उपलब्धि को दिखाने के लिए बल्कि अपनी प्रेरक कहानी और अविस्मरणीय अभिनय से दिलों को छूने के लिए भी मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार, विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू, कीर्ति कुल्हारी और शरमन जोशी अभिनीत यह फिल्म वास्तविक जीवन के मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) पर आधारित है और दृढ़ता, टीमवर्क और नवाचार की भावना के चित्रण के लिए दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है।इस मिशन में सबसे आगे तारा शिंदे थीं, जिन्हें विद्या बालन ने निभाया था, एक वैज्ञानिक जिसका जुनून और दृढ़ संकल्प फिल्म का भावनात्मक केंद्र बन गया। पूरी कास्ट के साथ-साथ उनके अभिनय को भी व्यापक रूप से सराहा गया, जिससे कहानी में प्रामाणिकता और गहराई आई। एक मार्मिक दृश्य में, तारा को प्रार्थना करते हुए देखा जाता है, जब उसका बेटा उसके कार्यों पर सवाल उठाता है। वह पूछता है कि एक वैज्ञानिक होने के बावजूद वह अभी भी प्रार्थना क्यों करती है।

## बस्तर सांसद महेश कश्यप की मेहनत लाई रंग, प्रधानमंत्री व रेलमंत्री का जताया आभार

# रेल मंत्रालय ने बचेली-गढ़चिरोली रेल लाइन सर्वे व डीपीआर को दी हरी झंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** बस्तर सांसद महेश कश्यप की मेहनत का असर दिखाई देने लगा है। बस्तर की मुद्दों को दिल्ली तक पहुँचाने वाले सांसद के प्रयासों को केंद्र से हरी झंडी मिलना प्रारंभ हो गयी है।

विगत दिनों दिल्ली में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित अन्य मंत्रियों से मुलाकात की थी। रेलमंत्री को बस्तर के कई विषयों को ले कर सांसद ने ज्ञापन भी दिया था। कश्यप के विषयो को गम्भीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय ने दक्षिण बस्तर को रेल लाइन से जोड़ने के लिए हरी झंडी दे दिया है।

अब सुदूर आदिवासी ज़िला बीजापुर भी रेलवे लाइन से जुड़ेगा केंद्र सरकार द्वारा कोरबा से अंबिकापुर रेलवे लाइन को भी मंजूरी मिली है । प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के फ़ायदे साफ़ नज़र आ रहे हैं। अब बीजापुर भी तेज़ी से विकास की पटरी पर दौड़ेगा।

रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में दो नई रेलवे लाइनों को मंजूरी दी है। इनमें से एक नई रेलवे लाइन महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से छत्तीसगढ़ के बचेली तक, जो बीजापुर से होकर गुज़रेगी, 490 किलोमीटर की होगी। दूसरी 180 किलोमीटर की रेलवे लाइन कोरबा से अंबिकापुर के बीच शुरू होगी, जिसके सर्वे और डीपीआर निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 16.75 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है।




बस्तर संभाग को मिले केंद्र से इस सौगात के लिए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव एवम कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप सहित अन्य मंत्री व नेताओं के द्वारा भी छत्तीसगढ़ सहित बस्तर के विकास व रेल लाइन के मुद्दे को ले कर केंद्र सरकार को समय समय पर अवगत कराया गया है। केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनता के हित मे लगातार कार्य किया है। नई रेल लाईन अब बस्तर के एक छोर से महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, ओडिसा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ेगी। दूसरे राज्यो से कनेक्टिविटी अच्छी होने पर क्षेत्र का विकास भी तेजी से बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए गंभीरता से सोचने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के प्रति बस्तर सांसद ने आभार व्यक्त किया है। राज्य सरकार व भाजपा प्रदेश हाईकमान का भी सांसद कश्यप ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## समाचार संक्षेप

### मालाबार मेंस पार्लर के संचालक ने पुलिस और पालिका प्रशासन के लिए की बस की व्यवस्था

**दंतेवाड़ा/किरंदुल, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मालाबार मेंस पार्लर के संचालक ने किरंदुल पुलिस एवं पालिका प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों की सहायता किए जाने से सम्मान देने 10 अगस्त से 15 अगस्त तक दी। निशुल्क सेवा 21 जुलाई को भीषण बाढ़ की चपेट में आए थे सैकडो लोग सुरक्षा सेवा व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस एवम पालिका प्रशासन द्वारा दिन रात कार्य करने की सराहना करते हुए 15 अगस्त के उपलक्ष्य में मालाबार मेंस पार्लर के संचालक ने दोनो विभागो के समस्त कर्मचारियों को मुफ्त सेवा दी। बीते दिनों किरंदुल में भारी बारिश की वजह से सैकडो लोग बेघर हो गए थे जिसके बाद पुलिस प्रशासन एवम पालिका प्रशासन द्वारा दिन रात एक करके बाढ़ प्रभावितों की सेवा कर मानवता का परिचय दिया था। बाढ़ प्रभावितों के रहने खाने की व्यवस्था हो या कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने भरपूर सहयोग किया वही नगरपालिका द्वारा भी अपना दायित्व निभाते हुए लोगो के खाने पीने एवं रहने की व्यवस्था की इन सब कार्यों से प्रभावित होकर किरंदुल स्थित लोकप्रिय सेलून मालाबार मेंस पार्लर के संचालक ने पुलिस एवं पालिका प्रशासन के सभी कर्मचारियों को 10 अगस्त से 15 अगस्त के तक निशुल्क सेवा प्रदान किया गया। बता दे की दोनो विभाग से तकरीबन 85 लोगो ने इस मुफ्त सेवा का लाभ लिया और संचालक के इस सेवा का आभार भी जताया। लौह नगरी किरंदुल 21 जुलाई को भीषण बाढ़ की चपेट में आए थे सैकडो लोग सुरक्षा सेवा व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस एवम पालिका प्रशासन द्वारा दिन रात कार्य करने की सराहना करते हुए 15 अगस्त के उपलक्ष्य में मालाबार मेंस पार्लर के संचालक ने दोनों विभागों के समस्त ने कर्मचारियों को मुफ्त सेवा दी।




■ **बाढ़ प्रभावितों की सहायता करने वालों को सम्मान देने 10 से 15 अगस्त तक दी निशुल्क सेवा**

### विवेकानन्द युवा समिति ने डॉक्टर की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**दंतेवाड़ा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीते दिनों पश्चित बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक ट्रेनी लेडी डॉक्टर के साथ हुए बर्बरता के विरोध में शनिवार शाम में आंवराभाटा के टेकनार चौक में विवेकानन्द युवा समिति के सदस्यों द्वारा शांतिपूर्वक केंडल मार्च निकालकर मृतात्मा की शांति हेतु माई दंतेश्वरी से प्रार्थना की गई। समिति के प्रमुख व पार्षद चंदन ध्रुव ने बताया कि कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर से रेप व हत्या की घटना से पूरा देश उद्वेलित है। देश भर के अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और जबरदस्त प्रोटेस्ट व आंदोलन देश भर में चल रहा है जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते सप्ताह भर से अस्पतलों में डॉक्टर डयूटी नहीं कर रहे हैं। अव्यवस्था फैल गई है। मरीजों की जान पर बन आई है। इस तरह की स्थिति निर्मित होने के लिए सीधे तौर पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी उनकी सरकार निर्लजता के साथ आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही थी। अब इस मामले में सीबीआई जांच हो रही है निःसंदेह सभी आरोपी पकडे जाएंगे और हम सभी लोग दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग हम करते हैं।

## एक नजर

### आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, खाद्य प्रतिष्ठान, बेकरी, फर्म,होटलों, किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छ.ग. एवं कलेक्टर के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में जिले के विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठान, बेकरी फर्म होटलों, किराना दुकानों विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। कार्यवाही के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल मिठाइयां, नमकीन, दूध, दही, पनीर, आटा, बेसन, सूजी, तेल, घी, बूंदी, मैदा आदि का नमूना जांच की गई। निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 82 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गये निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान 06 अमानक एवं 02 मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ मिलने पर तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए गलती दोबारा पाये जाने पर लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान 07 व्यापारियों को नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु ''विधान होटल'' से पेड़ा, रसगुल्ला, ''दन्तेश्वरी राजस्थान स्वीट्स'' से अंजीर बर्फी, ''बेंगलोर अयंगर बेकरी'' से रसगुल्ला एवं मिक्चर, ''जय गुरु होटल'' से बर्फी, पेड़ा, ''बाबा होटल'' से काजू कतली, ''पूनम होटल'' से रसगुल्ला, मलाई बर्फी, ''राजस्थान स्वीट्स'' से मिक्सर, ''देवभोग स्वीट्स'' से बूंदी, मिक्सचर, काजू गजक, ''अम्बे बिकानेर'' से बूंदी कलाकंद एवं ''नर नारायण होटल बचेली'' से गुड़ रसगुल्ला, लाल पेड़ा, खोया एवं अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठान ''गुप्ता स्वीटस'', ''जे एमडी, स्वीट्स'' ''राजस्थान बीकानेर स्वीट्स'', आदि से रसगुल्ला, पेड़ा, मलाई पेड़ा, खोया, बर्फी, बेसन लड्डू कलाकंद, काजू कतली, पनीर का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया।

## रक्षाबंधन से एक दिन पहले माईजी को राखी बांधने की रियासतकाल से चली आ रही है परंपरा

# माई दंतेश्वरी देवी को शाम को अर्पित किया जाएगा रक्षासूत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अगस्त।** रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पूर्व आज आराध्य देवी माता दंतेश्वरी को सात सेवादारों द्वारा कच्चे धागे से तैयार की गई रक्षासूत्र बांधने की अनुठी परंपरा का निवर्हन किया जाएगा। मां भगवती के लिये सेवादारों ने हल्दी, कुमकुम और चंदन से तैयार कच्चे धागे से निर्मित विशेष राखी तैयार की है। पर्व से एक दिन पूर्व राखी पहनाने की परंपरा रियासलकाल से चली आ रही है।

गौरतलब है कि हर वर्ष रक्षाबंधन से करीब दो दिन पहले दंतेश्वरी मंदिर के सेवादार, भंडारी व तुड़पा द्वारा कच्चे धागे से निर्मित रक्षासूत्र अर्थात कच्चे सूत से बनी राखी तैयार करते हैं। कच्चे सूत से बनी राखी को रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मां भगवती देवी को अर्पित की जाती है। इसी परंपरा का निर्वहन शनिवार शाम को किया गया। सेवादार, मांझी, भंडारी, राउत व तुडपा रक्षासूत्र को बांस से निर्मित टोकरी में रखकर विधिवत गाजे-बाजे व बाजा मोहरी के साथ नारायण मंदिर के पास स्थित दंतेश्वरी तालाब पहुंचें जहां रक्षासूत्र को तालाब में डूबोकर उसे धोकर शुद्ध किया गया। जिसके उपरांत गुड, पुष्प, चंदन व कुमकुम अर्पित कर माता को बांधे जाने वाली राखी की विधि विधान से पूजा की गई तदोपरांत रक्षासूत्र को वापस मंदिर के कलश स्थापना कक्ष में लाकर रखा गया। रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व आज शाम 4 बजे मंदिर के प्रधान पुजारी द्वारा सर्वप्रथम पूजा अर्चना पश्चात माईजी को कच्चे धागे से तैयार की गई विशेष राखी बांधी जाएगी जिसके बाद मंदिर में विराजमान अन्य देवी देवताओं को भी रक्षासूत्र बांधने की परंपरा निभाई जाएगी। मां भगवती को रक्षासूत्र अर्पित करने के बाद मंदिर के पुजारी व सेवादार मांईजी के प्रसाद स्वरूप रक्षासूत्र को एक दूसरे की कलाईयों पर भी बांधते हैं और सुख समृद्धि की कामना करते हैं। माईजी को रक्षासूत्र अर्पित करने के बाद शाम में महाआरती की जाती है, जिसमें शामिल होने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मंदिर पहुंचते हैं।



# ग्राम पंचायत बिंजाम में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान उतारना था सूर्यास्त से पहले नहीं उतारा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अगस्त।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिंजाम में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के अपमान का मामला सामने आया है। गांव की देव गुड़ी में ग्राम पंचायत की ओर से 15 अगस्त को तिरंगा फहराया गया था, जिसे सूर्यास्त से पहले नहीं उतारा गया। दो दिन तक राष्ट्रीय ध्वज ऐसे ही स्तम्भ पर लगा रहा। तीसरे दिन गांव के जागरूक नागरिकों ने इसे देखकर पंचायत सचिव शब्बीर अहमद रिज़वी, गीदम जनपद पंचायत सीईओ कृपेन्द्र तिवारी, गीदम एसडीएम अभिषेक तिवारी को फोन पर जानकारी देने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को इसकी जानकारी दी गई। कलेक्टर के जवाब तलब करने पर हड़बड़ाए सचिव व जनपद सीईओ ने 17 अगस्त की सुबह करीब साढ़े 10 बजे पहुंचकर ग्रामीणों से ध्वज उतरवाया। इसके बाद अफसरों को गुमराह करते हुए गलत जानकारी दी कि स्वतंत्रता दिवस के दिन ही ध्वज ससम्मान उतरवा लिया गया था। ग्रामीणों ने आपसी विवाद की वजह से यह भ्रामक जानकारी प्रसारित की। जबकि बिंजाम के पूर्व सरपंच मानसिंह नेताम और बसपा के उम्मीदवार रहे केशव नेताम ने पंचायत सचिव शब्बीर के इस दावे को सरासर झूठ करार दिया है। केशव नेताम ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज को 17 अगस्त की सुबह उन्होंने खुद ध्वज स्तम्भ पर लटका हुआ पाया था। इसके बाद अपर कलेक्टर, जनपद सीईओ समेत अन्य अफसरों को फोन कर सूचित करने का प्रयास भी उन्होंने किया। लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। इस मामले में लापरवाही के लिए जिम्मेदार पंचायत सचिव व जनपद सीईओ पर राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला दर्ज करने के लिए कलेक्टर से लिखित शिकायत की जाएगी।



### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तिथियां जारी

**दंतेवाड़ा, 18 अगस्त।** कार्यालय कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। इसके अनुसार 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक ''बीएलओएस'' के माध्यम से ''एच2एच'' सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण, पुनर्व्यवस्था, मतदाता सूची, ''ईपीआईसी'' में विसंगतियों को दूर करना, अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार, रोल में धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली, गैर-मानवीय छवियों को प्रतिस्थापित करके तस्वीरो। अनुभाग/भागों का पुनर्गठन ,मतदान केंद्रों का स्थान और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना, अंतरालों की पहचान करना और ऐसे अंतरालों को पाटने के लिए रणनीति और समयसीमा को अंतिम रूप देना, नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण किया जावेगा।

# शालात्यागी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अनूठी पहल

## जिले के तीन विकासखण्डों में प्रारंभ किया गया है बाल मित्र पुस्तकालय, उप मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार अब जिले में ''बालमित्र कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उल्लेखनीय कि शाला त्यागी बच्चों को नवीन शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने के लिए बच्चों की पुस्तकालय के साथ बाल-हितैषी जिला बनाने की पहल की गई है। इस कड़ी में एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा मुख्यालय के चितालंका स्थित बालमित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केंद्र का अवलोकन करने के साथ-साथ पठन पाठन कर रहे बच्चों के साथ बातचीत किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दी जा रही सुविधाओं को देखा और कहा कि जिले के जितने भी शाला त्यागी बच्चे है उन्हें बाल मित्र कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाए। जिससे बच्चों का मन पुस्तकीय ज्ञान की और आकर्षित हो सके। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में संचालित बाल मित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केन्द्र अभी तीन विकासखण्ड में प्रारंभ की गई है। जिसमें दंतेवाड़ा विकासखंड में चितालंका, भोगाम, कवलनार, केशापुर, कुवेर, तुड़पारास, गंजेनार, चितालूर, गमावाड़ा, मटेनार, पंडेवार, कमालूर, कमेली, धुरली को केन्द्र बनाया गया है। इस प्रकार गीदम विकासखण्ड में छोटेतुमनार, घोटपाल, कसोली-1, बड़ेकारली, फरसपाल, बिंजाम, समलूर, बांगापाल, मुचनार, गुड़से तथा कटेकल्याण विकासखण्ड में गाटम, सूरनार, धनीकरका, बड़ेलखापाल, मोखपाल, परेचली, छोटेगुडस, टेटम, तेलम और गुड़से को बालमित्र कार्यक्रम गतिविधि केंद्र बनाया गया है। ज्ञात हो कि ''बाल मित्र कार्यक्रम'' दंतेवाड़ा के बच्चों की शैक्षिक, सुरक्षा और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अग्रणी पहल है। जिला प्रशासन और गैर-लाभकारी संगठन ''बचपन बनाओ'' के सहयोग से विकसित, यह कार्यक्रम पंचायतों में बाल मित्र पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र (बीएलसीएसी) की स्थापना पर केंद्रित है। ये केंद्र बच्चों के लिए

शिक्षा के संदर्भ में सुरक्षित, सुलभ स्थान प्रदान करते हैं इस कार्यक्रम के द्वारा साक्षरता, सामाजिक भावनात्मक विकास और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल के केंद्र में बाल मित्र साथी के रूप में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सहयोग लिया जायेगा। इस प्रकार ये युवा बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करेगें। बाल मित्र फैलोशिप कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत स्तर पर बच्चों के पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सुलभ साहित्य को हर गांव में उपलब्ध कराना, समग्र शिक्षा पारंपरिक अकादमिक शिक्षा से परे सीखने के स्थानों की पेशकश के अलावा सामुदायिक भागीदारी के तहत बच्चों के विकास में माता-पिता, और स्थानीय समुदायों को शामिल करना, युवा सहभागिता स्थानीय युवाओं को बाल मित्र साथी के रूप में सशक्त बनाने को लक्षित रहेगा। बाल मित्र कार्यक्रम केवल एक शैक्षिक पहल नही है बल्कि यह दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए एक परिवर्तनकारी प्रयास है। इस मौके पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, अन्य जन प्रतिनिधि, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह ,बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय उपस्थित रहे।




## भाजपा ने तूलिका कर्मा के आरोपों का किया खंडन

# तूलिका कर्मा के सारे आरोप निराधार:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अगस्त।** 15 अगस्त को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों द्वारा कमलेश नाग और संतोष साहू पर लगाये गये दुर्व्यवहार के आरोप के मामले को लेकर भाजपा कार्यालय चितालंका में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप एवं संतोष गुप्ता ने कहा की विगत 02 दिनों से समाचार पत्रों में लिखा जा रहा है की भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा 15 अगस्त को जिला अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया जबकि 15 अगस्त का जो डॉक्टरों के शिकायत का मामला सामने आया है वो संतोष साहू और विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के पि ए कमलेश नाग के विरुद्ध है जिस पर जांच हो रही है और जांच होने तक कमलेश नाग को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने स्वतः पि ए के पदभार से मुक्त कर दिया है, कमलेश नाग भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है जिनकी पदस्थापना जिला अस्पताल में ही है इसलिए मामले पर डॉक्टरों के शिकायत उपरांत जांच हो रही है। भाजपा और विधायक चैतराम अटामी ने हमेशा डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों का सम्मान किया है और आगे भी करते रहेंगे इसलिये मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक चैतराम अटामी ने पि ए कमलेश नाग को पदमुक्त कर दिया है। अखबारों में लिखा जा रहा है भाजपा पदाधिकारियों द्वारा डॉक्टरों से अभद्र व्यव्हार किया गया जो सरासर गलत और निराधार है डॉक्टरों की शिकायत पि ए कमलेश नाग और संतोष साहू के विरुद्ध है वे दोनों न ही भाजपा पदाधिकारी है और न ही भाजपा के सदस्य है, अगर होते तो दोषी पाये जाने पर भाजपा उन्हें तत्काल प्रभाव से निष्काषित भी करती इसलिए भाजपा दंतेवाड़ा इस बात का स्पष्ट तौर पर खंडन करती है और पुनः समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों से आग्रह करती है की इस बात पर कांग्रेस पार्टी और कॉंग्रेसी नेता जनता को भ्रमित करने, डॉक्टरों को बरगलाकर आपातकाल स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करने की मंशा से बेबुनियाद ओछी राजनीति कर रही है मामले में किसी भी भाजपा पदाधिकारी की संलिप्तता नहीं है न ही इसकी शिकायत डॉक्टरों द्वारा की गयी है। आगे पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा जिला महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप एवं संतोष गुप्ता ने कहा की जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा विधायक चैतराम अटामी की लोकप्रियता से बौखला गयी है, उनके पास् राजनीती करने का कोई मुद्दा नहीं रहा विधानसभा चुनाव में करारी हार के पश्चात आगे कुछ माह में प्रदेश में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी हार सुनिश्चित मानकर वे अभी से डरी हुई है इसलिए किसी व्यक्ति विशेष के मामले को भाजपा और विधायक चैतराम अटामी से जोड़कर भाजपा और विधायक चैतराम अटामी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। कर्मा के सारे आरोप बेबुनियाद और निराधार है, श्रीमती कर्मा का बयान इस मुद्दे पर सिर्फ एक ओछी राजनीती के माध्यम से सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का विफ्ल प्रयास साबित हुआ है। कर्मा ने अपने बयान में कहा है की भाजपा नेता संतोष साहू द्वारा महिला डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया है उन्हें पहले ये जानकारी होनी चाहिए की संतोष साहू भाजपा के न ही कार्यकर्ता पूर्व में थे न ही वर्तमान में है इस मामले से भाजपा का दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं है न ही डॉक्टरों ने ये कहा है, विधायक चैतराम अटामी के पि ए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है वो भी भाजपा के सदस्य नहीं है और इस मामले पर दोनों पक्षों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाई है जो जांच का विषय है जांच हो रहा है और कमलेश नाग को दोषमुक्त पाए जाने तक विधायक चैतराम अटामी ने पि ए के पदभार से मुक्त कर दिया है। तूलिका कर्मा के द्वारा जारी बयान में ये कहना की विधायक चैतराम अटामी के संरक्षण में डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है वो सर्वथा मिथ्या और द्वेषयुक्त है, विधायक चैतराम अटामी ने कमलेश नाग को कोई आदेश नहीं किया कमलेश नाग की धर्मपत्नी जिला अस्पताल गयी थी ये उनका निजी मामला और जांच का विषय है दोषी जो पाया जायेगा उस पर कठोर कार्यवाही होगी लेकिन विगत कुछ वर्ष पूर्व कॉंग्रेस की सरकार थी, विधायक देवती कर्मा थी और जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा के ड्राइवर के द्वारा जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के साथ लात घुसे से मारपीट की गयी जिसकी शिकायत करने पहुंचे डॉक्टरों को तूलिका कर्मा के द्वारा तब डराया धमकाया गया उस शिकायत पर कार्यवाही करना छोड़ जिला अस्पताल से गिरफ्तार नहीं किया गया आज तूलिका कर्मा ही बताये तब कांग्रेस सरकार, विधायक देवती कर्मा ने कार्यवाही क्यों नहीं की जबकि इस मुख विवाद की घटना के शिकायत पर जिला पंचायत तूलिका कर्मा सड़क पर ओछी राजनीती करने उतर आयी।



## एक नजर

### भाजपा युवा मोर्चा नेता को उसके ही सुरक्षा गार्ड ने गोली मारने की कोशिश की

**भोपाल पटनम 18 अगस्त।** भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री बिलाल खान को शनिवार की प्रातः उनके ही सुरक्षा मे लगे नागेश टिंगे नामक जवान ने बंदूक तान कर गोली मारने की कोशिश की इसी बीच वहाँ मौजूद दूसरे जवान ने तुरंत जवान से बंदूक छिन कर एक बडी घटना को टाल दिया बताया जा रहा है की .जवान नशे मे चूर था जवान नागेश का कहना है की बिलाल मेरे साथ पढा लिखा है अब बडा नेता बन गया है तो घमंड कर रहा है। घटना के तुरंत बाद पुलिस थाना को सूचना दी गई इसपर थाना प्रभारी ने तत्काल कार्य वाही करते हुए नागेश का द्वह्य कराया गया इसके बाद जवान को निलंबित किया गया इस घटना की जांच एस डी ओ पुलिस मंयक रणसिंह को सौपी गई है जांच के बाद ही घटना की सच्चाई सामने आयेगी।

### मार्च पास्ट में शासकीय महाविद्यालय के कैडेटस आये अव्वल



**पत्थलगांव 18 अगस्त।** आजादी के 78वें पर्व पर आयोजित कार्यक्रम मे ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय के एन.सी.सी कैडेटस मार्च पास्ट मे अपना पहला स्थान बनाये है। उन्हे विधायक गोमती साय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दिन गुरूवार को देश की आजादी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ,शासकीय एवं निजी सेक्टर के विद्यालय मे अध्ययनरत स्कूली बच्चो ने हाईस्कूल के मैदान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये थे,इस प्रतियोगिता मे भी नौनिहालो ने बाजी मारी थी,गुरूवार की सुबह शहर की तीनो सडको मे बच्चो ने जय जवान जय किसान के नारे लगाकर रैली निकाली। इस बीच एन.सी.सी के कैडेटस द्वारा मार्च पास्ट भी किया गया,मार्च पास्ट का आयोजन हाईस्कूल मैदान मे भी हुआ,जिसमे महाविद्यालय के कैडेटस ने पहला स्थान बनाया,इस मौके पर लैफ्टिनेंट अरविंद लकडा ने सभी कैडेटस को बधायी देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ दिलाने हॉस्पिटल का ओपीडी दिनभर रहा बंद

## डॉक्टरों ने हड़ताल कर चौक मे वी वांट जस्टिस के लगाये नारे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 18 अगस्त।** कोलकाता मे जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध मे आज यहा के सिविल हॉस्पिटल की ओ.पी.डी दिनभर बंद रही। डॉक्टर एसोसियेशन ने हडताल कर यहा के इंदिरा चौक पर वी वांट जस्टिस के नारे लगाये। डॉ एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ विकास गर्ग का कहना था कि सरकार को डॉक्टरो की सुरक्षा के प्रति कतई लापरवाही नही बरतनी चाहिये। उनका कहना था कि डॉक्टर दिन रात मानव सेवा मानकर अपनी डयूटी करते है,कोलकाता मे हुयी जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की एसोसियेशन कडे शब्दो मे निंदा करता है,साथ ही सरकार से स्वास्थ्य कर्मीयों की सुरक्षा एवं पीडिता को इंसाफ दिलाने की मांग करते है।एसोसियेशन के उपाध्यक्ष डॉ पी.कुमार का कहना था कि उम्मीद जतायी जा रही है कानून एजेंसियां दोषियो को पकडकर दिवंगत आत्मा एवं उसके परिवार को न्याय दिलायेगी। सचिव डॉ आशीष अग्रवाल ने बताया कि जूनियर




डॉक्टर जो अपने डयूटी के दौरान कार्यरत थी उसके साथ ऐसी निर्दयता होना गंभीर अपराध है,उनका कहना था कि देश भर के चिकित्सक इस अपराध का विरोध करते हुये पीडित एवं उसके परिवार के साथ एकजुट होकर खडे है।।

ओ.पी.डी बंद से मरीज हुये परेशान-:जूनियर डॉक्टर को न्याय दिलाने को लेकर डॉक्टर एसोसियेशन ने आज सिविल हॉस्पिटल की ओ.पी.डी बंद रखी,जिसके कारण दूर दराज से आने वाले मरीजो को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। बाहर से ईलाज कराने आये मरीज ओ.पी.डी बंद रहने के कारण बगैर ईलाज के ही वापस लौटते दिखायी दिये। डॉक्टरो ने आपातकालिन स्वास्थ्य सुविधा जारी रखी थी,जिसके कारण गंभीर एवं महिला मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नही हुयी।।

स्वास्थ्यकर्मीयों की सुरक्षा पर सवाल-:डॉक्टर एसोसियेशन के सरंक्षक डॉ बी.एल.भगत का कहना था कि इस अपराध के लिए एसोसियेशन के हर एक सदस्य एकजुटता के साथ इंसाफ दिलाने के लिए लडेंगे। उन्होने स्वास्थ्य कर्मीयों की सुरक्षा को लेकर कहा कि इसके लिए सरकार को बेहतर कदम उठाने चाहिये। युवा महिला चिकित्सक की निर्मम हत्या स्वास्थ्य समुदाय पर हमला है,जिसे स्वास्थ्य कर्मीयों द्वारा महसूस की जा रही असुरक्षा को उजागर कर रहा है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने भूतेश्वरनाथ में किया दुग्धाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 18 अगस्त।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शनिवार को विश्व प्रसिध्द शिवलिंग भूतेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन के लिए गरियाबंद पहुॅचे। यहां उन्होने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक किया। भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली तथा छत्तीसगढ़ के तरक्की की कामना की। इस अवसर उनके साथ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू व जिला अध्यक्ष राजेश साहू भी उपस्थित थे। इसके पहले पहली बार भूतेश्वरनाथ पहुॅचे केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का भूतेश्वरनाथ सेवा समिति के सदस्यो ने साल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने पूजन अर्चना की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज विश्व प्रसिध्द प्राकृतिक एवं स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन का सौभाग्य मिला। भगवान भोलेनाथ हम सबसे आस्था और विश्वास के प्रतीक है। यहां भगवान भूतेश्वरनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना कर प्रदेश के सुख शांति, तरक्की और खुशहाली की कामना की। उन्होने आगे कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लोगो का सौभाग्य है कि माता कौशल्या की धरती, जहां प्रभु श्रीराम भी वनवास के दौरान पहुॅचे ऐसे राज्य में



भगवान भोलेनाथ भी विश्व के विशालतम शिवलिंग भूतेश्वरनाथ के रूप में विराजे है। उन्होने कहा कि यहां की महिला दूर दूर तक फैली है। हजारो की संख्या मे कावड़िया आते है, हजारो की संख्या में श्रध्दालु आते है। भगवान भोलेनाथ की कृपा सब पर बरसे ऐसी कामना करता हूॅ। इस दौरान उन्होने समिति द्वारा रखी गई मांगो को पूरा कराने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसके पहले पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि भूतेश्वरनाथ मंदिर की आस्था और महिला लगातार बढ़ती जा रही है। यहां सुविधाओ के विस्तार की जरूरत है। उन्होने केन्द्रीय राज्य मंत्री को इसके लिए पहल करने की मांग रखी। वही समिति ने भी भूतेश्वरनाथ मंदिर में पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण तथा गौरवपथ से भूतेश्वरनाथ लाइट लगाने की मांग रखी। इसके साथ ही उन्हे स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, अनूप भोसले, घनश्याम सिन्हा, आशीष शर्मा, सुरेंद्र सोनटेके, मिलेश्वरी साहू, सागर मयाणी, राधेश्याम सोनवानी, मनीष हरित, नरोत्तम साहू, अजय दीक्षित, धनंजय नेताम, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, तनु साहू, किशोर यदु, तीजू सिन्हा, सुमित पारख, मरौदा सरपंच अभिमन्यु ध्रुव भूतेश्वरनाथ सेवा समिति अध्यक्ष पारस देव, प्रकाश चंद रोहरा, शत्रुघन साहू, रमेश मेश्राम, सचिव मेवेन्द्र साहू, लक्ष्मी बारले, यादराम साहू बिसेलाल ध्रुव भी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### थाना फरसेगढ़ ने 1 मिलिशिया सदस्य को किया गिरफ्तार



**बीजापुर 18 अगस्त।** जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत दिनांक 17/08/2024 को थाना फरसेगढ़ की टीम द्वारा फरसेगढ़ बाजार पारा से 01 मिलिशिया सदस्य बलदेव कुहरामी, पिता भीमा कुहरामी, उम्र 34 वर्ष, निवासी आलवाड़ा, थाना फरसेगढ़, जिला बीजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार माओवादी दिनांक 15/05/2024 को सोमनपल्ली नाला के पास थाना प्रभारी फरसेगढ़ के वाहन में ढ्वश्वष्ठ ब्लास्ट करने की घटना में शामिल था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दस हज़ार रुपये का इनाम उदघोषित था। थाना फरसेगढ़ में गिरफ्तार माओवादी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के उपरांत न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया है।

### शिक्षा सचिव को शिक्षकों ने भेजी अपनी दरख्वास्त



**पत्थलगांव 18 अगस्त।** नयी शिक्षा नीति बनने के बाद होने वाले युक्तिकरण का विरोध मे शिक्षक संघ खुलकर सामने आ गया है,16 अगस्त को प्रदेश के जिला मुख्यालय मे शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षक अपनी दरख्वाश लगाये है। संघ का कहना है कि नयी शिक्षा नीति मे ऐसे कोई नियम या निर्देश नही है जो युक्तिकरण की नीति को शिक्षको पर सौंपता हो। शिक्षक संघ युक्तिकरण को शिक्षा विभाग का मनमर्जी निर्देश बता रहे है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष टांडे का कहना था कि 16 अगस्त को जिला कलेक्टर के पास मुख्यमंत्री एवं लोक शिक्षण संचानालय के नाम ज्ञापन सौंपा गया है,जिसमे शिक्षक युक्तिकरण के फैसले को लागू ना करने की अपिल किये है। उनका कहना था कि युक्तिकरण से पदोन्नति के पद कम हो जायेंगे,जिसका नुकसान शिक्षको को उठाना पडेगा। कनिष्ठ परीक्षा अवधि वाले शिक्षक या शिक्षा मित्र को छोडके वरिष्ठ शिक्षक को अतिशेष करना उचित नही है। युक्तिकरण पूर्ण रूप से विसंगति पूर्ण एवं शिक्षा को कमजोर करने वाला फैसला है,जिसमे शिक्षको के अधिकारो का हनन हो रहा है।

### दिव्य कला मेला में मुख्यमंत्री साय को पैरा शिल्प से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट की गई



**रायपुर, 18 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री साय को राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में आयोजित दिव्य कला मेला में कलाकार सुश्री हीरा धृतलहरे ने अपने हाथों से बनाई पैरा शिल्प पोर्ट्रेट भेंट की। सुश्री हीरा की भेंट पाकर मुख्यमंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सुश्री हीरा से कहा कि उनके पास पैरा शिल्प स्केच बनाने का अनूठा हुनर है और खूब अभ्यास कर इसको निखारना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रैक्टिस से परफेक्शन आता है, उसकी बारीकियाँ पता चलती है। लगातार प्रैक्टिस करके वो एक अच्छी शिल्पी बनकर देश-दुनिया में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकती है।



**बीजापुर। 229 बटालियन मुख्यालय मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह।**

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 18 अगस्त।** जिला मुख्यालय बीजापुर के मिनी स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में गुरुवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय बीजापुर के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री विक्रम उसेंडी एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय व अतिथियों के द्वारा सहायक संचालक श्री दिनेश नेताम व जिला समन्वयक सोशल मीडिया कु. रेणुका दीवान,श्री जयसन बघेल,श्री शंकरिया राव और शेख मोईन को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जनसंपर्क अधिकारी श्री दिनेश नेताम ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सम्मानित किए जाने पर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के दिशा-निर्देश एवं सहायक संचालक दिनेश नेताम के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं का बेहतर ढंग प्रचार -प्रसार कर बीजापुर जिले के सुदूर क्षेत्रों के हितग्राहियों को शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।आपको बता दे कि रेणुका दीवान के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य शासन की योजनाओं एवं प्रमुख निर्णय तथा जिला प्रशासन के कार्यक्रमों और महत्वपूर्ण सूचनाओं को बीजापुर जिले के सोशल मीडिया हैंडल से बेहतर ढंग से प्रचार प्रसार किया जाता है। इनके द्वारा इंस्टाग्राम फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर पर क्रियेटिव रील आदि बनाकर साझा किया जाता है, जिससे आमजनता तक महत्वपूर्ण सूचनाओं को पहुंचने में काफी मदद मिलती है।




# जिले के स्व सहायता समूह बड़ी संख्या में पर्व के लिए कर रहे राखी का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द 18 अगस्त।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, गरियाबंद द्वारा गठित स्व सहायता समूहों के माध्यम से जिले में बड़ी संख्या में राखी का निर्माण किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री रीता यादव के मार्गदर्शन व निर्देशन में लगातार समूह की दीदियों को राखी निर्माण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वही दूसरी ओर इसमे राखी बना कर अपने आजीविका को भी सुदृढ़ करती है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले की गरियाबंद, छुरा, मैनपुर व फिंगेश्वर विकाशखण्ड के समूहों द्वारा स्थानीय व घरेलू सामग्रियों के साथ आकर्षक रक्षा सूत्रों को बना कर बाज़ारो में उपलब्ध करा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में लगभग 50 हज़ार से ज्यादा राखियों का निर्माण कर समूह की दिदिया अच्छा आय अर्जित कर रही है। निर्मित राखियों की अधिकतम बिक्री संकुल संगठन व ग्राम संगठन की दीदियों के माध्यम से ही हो जा रही है। शेष राखियों को स्टॉल लगाकर व स्थानीय दुकानों के माध्यम से बिक्री की जा रही। राखियो का बड़ी मात्रा में निर्माण छुरा के सकरा संकुल के ग्राम कुरूद, चरौदा, रख्शा मैनपुर के गुरजीभाठा, फिंगेश्वर के तर्रा, गरियाबंद के मदनपुर, जोबा, धवलपुर, व कोचबाय संकुल अंतर्गत विशेष रूप से तैयार की जा रही है। जिले में स्व सहायता समूह दीदियों के द्वारा रक्षाबंधन त्योहार के उपलक्ष्य में चावल, दाल, गेहूं, धान, स्टोन, पत्थर,मोती, अभराक, ऊंन, खीरे के बीज, बांस, कलावा, रेशम, मौली धागा व ऊन आदि का प्रयोग कर राखी निर्माण किया जा रहा है जिसे स्थानीय मार्केट में ही विक्रय किया जा रहा है। आइए इस रक्षाबंधन पर्व पर हम समूह की दीदियों द्वारा स्थानिय स्तर पर निर्मित रक्षासूत्रों राखियो का अधिक से अधिक उपयोग कर बहनों का आशीष व स्नेह प्राप्त करें। इस कार्य मे जिला व ब्लॉक की बिहान टीम लगातार सहयोग व समन्वय कर रही है।



### गढ़चिरौली से बचेली तक नई रेल लाइन की स्वीकृति मिलने से बीजापुर जिले को मिलेगी विकास नई दिशा:श्रीनिवास रेड्डी



**बीजापुर 18 अगस्त।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बस्तर के सांसद माननीय श्री महेश कश्यप जी द्वारा बीते संसद के बजट सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ के बैलाडीला रेल मार्ग को गीदम से बीजापुर होते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक विस्तार किए जाने की मांग देश के रेलमंत्री जी से संसद में की थी बस्तर सांसद माननीय श्री महेश कश्यप जी की मांग अब मूर्त रूप में आ गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से बचेली व्हाय बीजापुर के लिए नये रेल लाइन की स्वीकृति से संबंधित पत्र भारत सरकार के रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड ने दिनांक 13/08/2024 को जारी कर दिया है। इस नए रेलवे लाइन की कुल लंबाई 490 किलो मीटर है। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने अपने विज्ञप्ति में देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी, रेल मन्त्री माननीय श्री अश्विनी वैष्णव जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी एवं बस्तर के सांसद माननीय श्री महेश कश्यप जी का बीजापुर जिले के समस्त जनता की ओर से बीजापुर जिले को रेलवे लाइन की सौगात देने के लिए आभार प्रकट किया है। अपने विज्ञप्ति में श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का बीजापुर जिले को रेलवे की सौगात दिया जाना निश्चित रूप से बीजापुर जिले में विकास की एक नई शुरुआत है इस रेलवे लाइन के स्वीकृति मिलने से रोजगार के द्वार खुले है आने वाले दिनों में बीजापुर जिले के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

# विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में मॉडल बने लोरमी:अरुण साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 18 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने रायपुर में लोरमी के विकासखण्ड और तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा कि लोरमी के विकास और वहां के नागरिकों को खुशहाल बनाने के लिए मैं भी आपकी टीम का हिस्सा हूं। हम सब मिलकर क्षेत्र का तेजी से विकास करेंगे और जन आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में लोरमी प्रदेश में नज़ीर बने, ऐसा काम हम सबको मिलकर करना है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि हम सबको मिलकर लोरमी की समस्याओं को दूर करना है। क्षेत्रवासियों को सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोरमी के लोगों के लिए नई कार्ययोजनाएं तैयार करें और उन्हें गंभीरता से अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने लोक सेवक के तौर पर नागरिकों से अच्छा व्यवहार रखने और उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की के वे अच्छे कार्यो से अपनी पहचान बनाएं। अपने विभाग और खुद की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। लोरमी में हो रहे कार्यों का दूसरे विकासखण्ड और तहसील अनुसरण करें, ऐसा काम करें।



श्री साव ने बैठक में लोरमी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सहित सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोरमी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर में नगर पालिका के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने को कहा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए क्षेत्र में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री साव ने जिला खाद्य अधिकारी को अचानकमार क्षेत्र में बारिश के दिनों में पर्याप्त राशन का भंडारण करने को कहा। उन्होंने पीडीएस दुकानों की संख्या बढ़ाने के साथ ही सभी दुकानों की व्यवस्था जांचने के भी निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने श्रम विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संगठित क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीकरण और योजनाओं की जानकारी देने शिविर आयोजित करने को कहा। उन्होंने इन शिविरों में श्रमिकों को अन्य विभागों की योजनाओं की भी जानकारी देने को कहा। श्री साव ने जनपद पंचायत कार्यालय में हेल्प-डेस्क स्थापित कर लोगों को अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुंगेली जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम श्री जी.एल. यादव, तहसीलदार श्री शेखर पटेल, एसडीओपी सुश्री माधुरी धिरही, जनपद पंचायत के सीईओ श्री चंद्रकुमार धृतलहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री लालजी चन्द्राकर, बीएमओ डॉ. जी.एस. दाऊ और बीईओ श्री डी.एस. राजपूत सहित सभी विभागों के अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

# हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने दो जरूरतमंदों को उपचार के लिए दी सहायता राशि

## इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 अगस्त।** छुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खुशरुपाली निवासी कांशीराम निषाद द्वारा अपनी नतनिन कु.दीशिका निषाद जो कि 3 साल की बच्ची है अभी वर्तमान में बोलने और चलने में समस्या है संभवतः न्यूरोलॉजिकल प्राब्लम की समस्या से जूझ रही है और मुढ़ीपानी निवासी जगन साय जो कि आंत का आपरेशन हुआ है जिसकी माली हालत ठीक नहीं होने के कारण और आंत की समस्या से ग्रस्त हैं उनके उपचार हेतु आर्थिक मदद की अपील मुढ़ीपानी शिक्षक द्वारा मदद के लिये हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास किया था जिसके जांच उपरांत दोनों को क्रमशः दीशिका निषाद के लिये उनके नाना कांशीराम निषाद को दस और मुढ़ीपानी जगन साय के लिये उनके भाई नर्सिंग को बीस हजार रुपए का चेक ग्रुप के अमिताभ जैन द्वारा दिया गया। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ ग्रुप द्वारा इस प्रकार से वर्तमान माह में दो जरुरतमंदों को तीस हजार रुपए का सहयोग प्रेषित किया जा चुका है, यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन व कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी द्वारा दिया गया है, विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं।ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे।वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।भविष्य में इसका दायरा बढ़ाए जाने की योजना है, साथ ही निकट भविष्य में रक्तदान और वृक्षारोपण के क्षेत्र में काम करना ग्रुप का लक्ष्य रहेगा।

## समाचार संक्षेप

### मिलावट पर कार्रवाई जारी 1 माह के भीतर ही निर्णय



**बलौदाबाजार, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा किए गए जांच एवं सैंपल उपरांत न्यायनिर्णयन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत एक माह के भीतर ही 6 प्रकरण पर निर्णय आया है। जिसके तहत विभिन्न विभिन्न प्रकरण पर 6 दुकानदारों को कुल 1 लाख 60 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया हैं। जिसमे जुर्माना लगाया गया है उसमें कमलेश किराना बलौदाबाजार को अवमानक मिर्च पाउडर हेतु 15 हजार रूपये, राजेश दाल भंडार पलारी को अवमानक दाल पर 25 हजार रूपये, संजय राव रेस्टोरेंट भाटापारा को मंचूरियन ग्रेवी अवमानक हेतु 20 हजार रूपये, मिथ्या छाप आटा हेतु विक्रेता कमल किराना पलारी को 20 हजार रूपये एवं निर्माता जगदंबा राइस मिल को 50 हजार रूपये, अवमानक बर्फी के लिए कृष्णा कृष्णा जोधपुर स्वीट्स बलौदाबाजार को 15 हजार रूपये, अवमानक चिकन बिरयानी के लिए केजीएन बिरयानी 15 हजार रूपये अर्थदंड अधिरोपित किया गया. उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के द्वारा दी गई है एवं मिलावट के खिलाफशीघ्र ही अन्य नवीन प्रकरण न्यायालय में दर्ज करने की जानकारी दी गई हैं।

- ■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लिए गए पूर्व 6 सैंपल फेल
- ■ दुकानदारों को लगाया गया है 1 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना

## एक नजर

### महिला डॉक्टर से बर्बरता के विरोध में तिल्दावासियों ने निकाला कैंडल मार्च

**तिल्दा-नेवरा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर रायपुर जिला अंतर्गत तिल्दा नेवरा नगर पालिका क्षेत्र के दीनदयाल में कैंडल मार्च निकाल कर आमजनों ने अपना गुस्सा दिखाया। इस मार्च में मंत्री टंक राम वर्मा सहित पालिका अध्यक्ष लेमिक्छा डहरिया शामिल हुए। पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ जो दुष्कर्म हुआ उसको लेकर एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न चिकित्सकों और शहर के अन्य गणमान्य लोगों ने हत्यारों को फांसी दिए जाने और बंगाल सरकार से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने एवं सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए नारेबाजी की और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रेषित की। नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि इस प्रकार के कुत्सित मानसिकता वाले व्यक्ति समाज के लिए कलंक हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जघन्य अपराध करने वाले के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस अपराध को करने वाले को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि अन्य कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने से पहले अनेक बार सोचें। कैंडल मार्च की आयोजन में नगर के गण मान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित हुए।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से एक मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एक व्यक्ति के लिए 4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 अगस्त 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में लक्ष्मी वर्मा पति लीलाधर वर्मा, निवासी ग्राम रवेली, तहसील सुहेला शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित परिवार के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जिलाधीश के बंगले में निकला नाग अविनाश यादव ने किया रेस्क्यू

**कोरबा, 18 अगस्त।** जिलाधीश अजित वसन्त के बंगले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां काम कर रहे व्यक्ति ने एक जहरीला नाग को फन फैलाए देखा। जहरीले नाग को देखने के बाद वह काफी घबरा गया और उसने वहां उपस्थित अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही अधिकारी ने आर सी आर एस संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव को फोन करके जानकारी दी। अविनाश यादव देरी न करते हुए तत्काल कलेक्टर बंगले पहुंचे। वहां देखा कि एक जहरीला नाग फन फ़ैलाये बैठा हुआ है। अविनाश यादव ने वहां काम कर रहे लोगों को शांत किया और उसके बाद नाग का सफल रेस्क्यू किया। बाद में नाग को जंगल में ले जाकर छोड़ा गया।

### अंगदान के प्रति किया जागरूक

**कोरबा, 18 अगस्त।** एक जागरूकता अभियान के दौरान अंगदान महादान से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन इनरव्हील क्लब द्वारा किया गया। हरि किशन पब्लिक स्कूल में 12 अगस्त 2024 को यह कार्यक्रम डॉ प्रदीप देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। उनके द्वारा अंगदान के लिए अपने महत्वपूर्ण संबोधन के जरिए जागरूक किया गया। उन्होंने हरि किशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस पड़ोस व परिवार जन में जागरूकता फैलाए।

# राखियों से सजा बाजार, उमड़े खरीदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा, 18 अगस्त।** नगर पंचायत भखारा में रक्षाबंधन को लेकर बाजार सज चुका हैं।कई महिलाएं एवं युवतियां दूर दराज क्षेत्रों में कार्यरत अपने भाइयों को डाक या कोरियर के माध्यम से राखियां भेज रही हैं।

भाई की कलाई रक्षाबंधन पर सूनी न रहे और समय पर राखी पहुंचे इसके लिए बहनें 15 दिन पहले ही खरीदारी करना शुरू कर दी हैं। ज्ञात हो कि आगामी 19 अगस्त को राखी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस पर्व पर बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनका मुंह मीठा करती हैं। भाई बहन की जीवनभर रक्षा करने का वादा कर उन्हें तोहफा देते हैं। बाजार में जहां बच्चों के लिए कार्टून वाली राखी डोरेमोन, शिनचैन, छोटा भीम, पोकेमोन और बड़ों के लिए स्टोन वाली खूबसूरत राखियां मौजूद हैं जिनकी जमकर खरीद हो रही है।

दुकानदार केशव साहू ने बताया कि हर त्योहार में दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद रहती है। इस बार भी राखी पर राखियों से लेकर मिठाई की दुकानों में अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। उन्होंने आमलोगों से अपील की है कि ऑनलाइन खरीद के बजाय स्थानीय दुकानों पर जाएं। इससे आपके स्थानीय बाजारों को मजबूती मिलेगी और सामान की गारंटी भी होगी।मार्केट में इस बार 20 से लेकर 300 रुपये तक की दाम वाली राखियां उपलब्ध है बाजार में लाइट वाली राखी 20 से 150 रुपये, फैंसी धागों की राखी 10 से लेकर 50 रुपये, फैंसी राखी 10 से लेकर 120 रुपये, कड़ा राखी 60 से लेकर 170 रुपये, ब्रेसलेट राखी 30 से लेकर 110 रुपये व अन्य प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। नगर पंचायत भखारा में पुरानी बस स्टैंड व नई बस स्टैंड में दुकानें विभिन्न प्रकार की राखियों से सजी हैं।

### पेंशनर्स भवन में मनाया गया आजादी का पर्व



**सिमगा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई सिमगा द्वारा पेंशनर भवन हथबंद में तहसील के समस्त पेंशनरों द्वारा जश्ने आजादी का ऐतिहासिक कार्य क्रम आयोजित किया गया। प्रातः 8बजे झंडोत्तोलन किया गया शाम को विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें आजादी के इतिहास में जिन हस्तियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उनके त्याग और बलिदान को वक्ताओं ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सीनियर पेंशनर मंतराम वर्मा, सचिव मुबारक हुसैन, रामसिंह ध्रुव,चोवाराम वर्मा,उत्तम चंदेल मुद्रिका ठाकुर, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, दयाशंकर दुबे, उर्वशी साव, नंदकिशोर दुबे,विजय निषाद,और विकास खंड सिमगा के पेंशनर उपस्थित थे।

# होटल, ढाबा, ठेला में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों व अवैध चखना सेंटर पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा होटल, ढाबा, ठेला आदि में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।

आपरेशन विश्वास के तहत 16 अगस्त को शराब पीने, बैठने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने वाले कुल 06 होटल, ढाबा, ठेला, चखना सेंटर संचालकों पर कार्यवाही की गई है। अभियान में सार्वजनिक स्थानों पर नशापन एवं शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई ।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.08.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

कार्यवाही में थाना सिमगा द्वारा 02 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 04 आरोपियों को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है।

#### आरोपियों के नाम

1. प्रफुल्ल उम्र 46 साल निवासी कंकालिन पारा सिमगा थाना सिमगा
2. सान उम्र 47 साल निवासी कंकालिन पारा सिमगा थाना सिमगा
3. विद्याधर उम्र 40 साल निवासी नया जर्वे थाना कसडोल
4. राजू उम्र 24 साल निवासी महामाया पारा कसडोल थाना कसडोल
5. लोकेश उम्र 46 साल निवासी रामसागर पारा कसडोल थाना कसडोल
6. धरमराज उम्र 24 साल निवासी रामसागर पारा कसडोल थाना कसडोल

### विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त करवाने शिक्षक संगठन हुए लामबंद

**कोरबा, 18 अगस्त।** प्रदेश में चल रही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का पूरे प्रदेश में विरोध शुरू हो गया है। अनेको शिक्षक संगठन इस मुद्दे को लेकर एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 17 अगस्त को कोरबा जिले के सभी संघ एकजुट होकर छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी के निवास पहुँचकर इस प्रक्रिया पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा एवं इस प्रक्रिया की ढेरों खामियां और होने वाले नुकसान से मंत्री जी को अवगत कराया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ गिरीश केशकर, जिलाध्यक्ष हरि राम पटेल एवं जिला सचिव रूपनारायण पटेल ने बताया कि प्रदेश में युक्तियुक्तकरण स्कूलों को मर्ज करने के नाम पर हजारों की संख्या में विद्यालय बंद करने की तैयारी चल रही है। पूर्व में भी वर्ष 2008 में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपना कर लगभग 4 हजार सरकारी स्कूल प्रदेश में बंद किये गए थे इस बार भी 3 हजार से ऊपर स्कूल बंद करने की तैयारी है।

### कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई बर्बरता के विरोध में शहर के डाक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया



**भाटापारा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कालेज मे महिला डाक्टर से बर्बरता पूर्ण व्यवहार कर उसकी हत्या के विरोध मे आज पूरे देश के डाक्टर एकजुट हो गये है और इस घटना के विरोध मे प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करा रहे है उक्त हृदय विदारक घटना का विरोध भाटापारा के चिकित्सकों ने किया शनिवार दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक मे सभी निजी अस्पताल व शासकीय अस्पताल के डाक्टरों ने इस घटना के विरोध काली पट्टी लगाकर विरोध कर डाक्टरों को सुरक्षा और न्याय दिये जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की वहीं उपस्थित नगर के सभी डाक्टरों ने एक स्वर मे डाक्टरों को पर्याप्त सुरक्षा की मांग की वहीं इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार कडे कदम उठाये और दोषियों के खिलाफसख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुए एक दिन नगर के सभी अस्पताल घटना के विरोध मे बंद रहे।

# रामगोपाल बने अध्यक्ष, अनुज, नवधा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### यादव समाज में नए पदाधिकारियों का चयन



**सोनाखान/कसडोल, 18 अगस्त।** आज 11 अगस्त को झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र कसडोल में नए पदाधिकारियों का गठन हेतु ग्राम आमाखोहा (बिलारी) में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कसडोल परिक्षेत्र के समस्त यादव बंधुओं की उपस्थित बहुत ही सराहनीय रही ।कार्यक्रम की शुरुआत हमारे यादव समाज के इष्टदेव भगवान श्री राधाकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण चंदन, गुलाल, अगरबत्ती जलाकर एवं आरती गाकर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समाज में उपस्थित समस्त यादव भाइयों एवं सर्वसम्मति से निर्णय लेकर समस्त नए पदाधिकारीयों का बारी-बारी से चयन किया गया जिसका समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा तालियों की बौछार के साथ गुलाल टीका लगाकर जोशीला स्वागत किया गया। जिसमें अध्यक्ष राम गोपाल यदु, उपाध्यक्ष अनुज राम यादव, नवधा यादव, कोषाध्यक्ष लखन लाल यादव, सचिव रामस्वरूप यादव, सहसचिव संदीप कुमार यादव, जगदीश यादव, संरक्षक संतराम यादव, बाबू राम यादव, चैतराम यादव, संगठन मंत्री दुखुराम यादव, सेवकराम धेनूसेवक, मेलाराम यादव, लखन यादव, महामंत्री फलिंदर यादव, सुखदेव प्रसाद यदु, संचालक रामकृपाल यादव, प्रवक्ता सुरेश कुमार यादव, कलशराम यादव, मिडिया प्रभारी - योगेश कुमार यादव, प्रसार मंत्री श्याम लाल यादव, लोमस राम यादव, आडिटर लच्छाराम यादव, मनोज यादव, हेमन्त यादव, कार्यकारिणी सदस्य - सोनउराम यादव, राम कुमार यादव, सधाउराम यादव, अघोरी राम यादव, धनसिंग यादव, महेश राम यादव, शत्रुघ्न यादव, नंदराम यादव, उमेंदराम यादव, धीराजू यादव, रंगेला यादव, तेरसराम यादव, रमेशर यादव, मोहन यादव, बिरझुराम यादव, अन्निराम यादव, गुड़ी राम यादव रमेश यादव, रोहित यादव, सुखलाल यादव, कुंवर सिंह यादव, नंद कन्हैया यादव एवं उपस्थित समस्त यादव समाज कसडोल परिक्षेत्र।

### अजा, अजजा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने किया 21 अगस्त को डोंगरगढ़ बंद का आह्वान

**डोंगरगढ़, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा भारत बंद ड का आह्वान किया गया है तहसील एवं ब्लॉक डोंगरगढ़ में भी ब्लॉक मुख्यालय बंद कराने एवं जोरदार धरना प्रदर्शन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। ब्लॉक के संयोजक डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने कहा है कि आरक्षण का वर्गीकरण व क्रिमिनल का प्रावधान पूरी तरह से असंवैधानिक है सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एससी एसटी समुदाय को बांटने वाला है। कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रदेश महासचिव योगेश चौरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय की सभी के द्वारा आलोचना की जा रही है संयुक्त मोर्चा के उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार जाति जनगणना कर ही नहीं रही है वह सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अनुसूचित जाति जनजातियों के लिए बेहद खतरनाक है। आदिवासी कंवर समाज के जिला अध्यक्ष बिंदु लाल कंवर ने कहा कि हमारे देश में समाज वर्ण व्यवस्था ,जाति व्यवस्था, उच निच ,भेदभाव आज भी बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट को सबसे पहले जाति समाप्त करने का निर्णय लेना चाहिए जिससे कि ऊंच-नीच की भावना ना हो। आदिवासी हल्बा समाज के प्रतिनिधि महेश सुधाकर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 1 अगस्त के आरक्षण को लेकर गए फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति जनजाति के समुदाय दो में घोर आक्रोश है यह फैसला सामाजिक असमानता को बढ़ावा देने वाला है। एससी एसटी एसोसिएशन के के अध्यक्ष एच के आजाद ने कहा कि बंद को सफल बनाने के लिए संविधान के दायरे में रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे इस दौरान आरक्षण विरोधी फैसले को कानून बनाकर या अध्यादेश लाकर वापस लेने हेतु सरकार पर दबाव बनाया जाएगा 21 अगस्त को भारत बंद की कमान अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा संभालेगी व चैंबर्स ऑफ कॉमर्स सहित अन्य व्यापारिक संगठनों से भी बंद को सफल बनाने समर्थन मांगा जाएगा तथा लोगों से निवेदन कर अपने प्रतिष्ठान बंद करने के लिए संपर्क किया जाएगा तथा रैली निकाली जाएगी रैली शहर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेगी तथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में सुदर्शन समाज से प्रीति चमन समुन्द्रे, उमेश हत्थेल, भीम सेना से शुभम खोब्रागडे, प्रज्ञागिरि ट्रस्ट से धन्नालाल गणवीर, संतोष लाजेवार, पंचशील बौद्ध महासभा इंदिरा नगर से रमन शेंडे, डां. मनोज रंगारी, संजू गजभिये ने , भूरवा टोला समिति से मीना घरडे, संजय नगर समिति से धर्मेन्द्र मडामे, पंचशील समिति बुधवारी पारा से प्रणय बंसोड, एवं समस्त बौद्ध समितियो के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये व भारत बंद का समर्थन किया ।

## जिला एवं सत्र न्यायालय में गरिमापूर्वक एवं उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने किया ध्वजारोहण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 18 अगस्त।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान पश्चात जिला न्यायाधीश ने अपने संबोधन में लोगों को राष्ट्र से प्रेम करने, राष्ट्र की एकता और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने का आग्रह किया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के.के. देवांगन के द्वारा हर घर तिरंगा से संबंधित कानून का पालन करने की सभी से अपील की। इस दौरान न्यायिक कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में फूलों एवं रंगों से रंगोली, रंग बिरंगे गुब्बारों, से सजाकर देशभक्ति का संदेश दिया। इसके अलावा न्यायिक कर्मचारियों एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान, दीपक कुमार देशलेहरे, शैलेश शर्मा, शांतनु कुमार देशलहरे ,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डी. पी. सिंह दांगी ,सचिव अपूर्वा दांगी,न्यायिक मजिस्ट्रेट शांति प्रभु, सुहासिनी ठाकुर, अधिवक्ता अशोक मिश्रा, अशोक जैन, आर. एन ठाकुर, सत्यनारायण कर्मा ,अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय अधीक्षक सुमित्रा तिग्गा, लेखापाल सिद्धार्थ चौहान, नाजिर हरी सिंह ठाकुर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश एवं समस्त न्यायालय,कुटुंब न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव हरी डेगल द्वारा किया गया।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों से उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की मुलाकात




**दंतेवाड़ा, 18 अगस्त।** आज 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष पर उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा के द्वारा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के कारली में स्थित लोन वर्राटु ( आत्मार्पित माओवादियों का पुनर्वास अभियान) हब में रहने वाले आत्म समर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिया। साथ ही उनके आत्मसमर्पण से पूर्व उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को सुनने के साथ-साथ पहले और अब उनके जीवन में आए परिवर्तनों को जाना, इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी को अपने निवास परिसर पर ही मिलके पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सली परिवार हर्षित हुए। इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं पीड़ित बहनों ने उप मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी महिलाओं को उनकी समस्याओं के संबंध में हर संभव मदद् के लिए भी आश्वस्त किया। इस मौके पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, अन्य जन प्रतिनिधि, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह ,बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ में अब तक 793.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज** : राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 793.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 18 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1720.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 436.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने लगाया इंजेक्शन, युवक की मौत

रायपुर, 18 अगस्त। रतनपुर के ग्राम खैरा में रहने वाले इस बीमार युवक को घर पहुंचकर झोलाछाप ने दो इंजेक्शन लगाया। इसके कुछ देर बात ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से झोलाछाप फरार हो गया है। इन दिनों लगातार झोलाछाप से इलाज करवाने का खामियाजा लोगों को झेलना पड़ रहा है। लगातार मामले होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इन पर लगाम लगाने में महज खानापूर्ति कर रही है। ऐसे ही मामला बीते शुक्रवार को हुआ। ग्राम खैरा निवासी 40 वर्षीय श्रीकुमार आर्मो पिछले कुछ दिनों से सर्दी-बुखार से पीड़ित चल रहा था। तबीयत ठीक नहीं होने पर शुक्रवार को उसके स्वजन ने गांव में अवैध रूप से क्लीनिक संचालन करने वाले झोलाछाप कुमार सिंह राजपूत को फोन कर घर बुलाया। ऐसे में झोलाछाप कुछ देर में घर पहुंचा।






























कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26